शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 30, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 25 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## असम के चार जिलों में मणिपुरी को मिलेगा सहयोगी आधिकारिक भाषा का दर्जा

**गुवाहाटी**
असम सरकार ने राज्य के चार जिलों में मणिपुरी को राज्य की सहायक आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता देने का निर्णय लिया है। इसके लिए राज्य मंत्रिमंडल ने असम राजभाषा (संशोधन) विधेयक, 2024 को मंजूरी दे दी है। इन चार जिलों में मणिपुरी को सहायक भाषा का दर्जा इस विधेयक में कछार, करीमगंज, हैलाकांडी और होजाई जिलों में मणिपुरी को सहायक आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता देने का प्रविधान है। विधेयक में एक नई धारा 5बी जोड़कर असम राजभाषा अधिनियम, 1960 में संशोधन का प्रविधान है।

**मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने लिया फैसला**
मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने कहा कि शुक्रवार देर रात हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि इस फैसले से असम में रह रहे मणिपुरी लोगों की सांस्कृतिक, सामाजिक और भाषाई पहचान एवं विरासत को संरक्षण मिलेगा।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने बिट्स पिलानी के पांचवें परिसर का उद्घाटन किया

**मुंबई/नई दिल्ली**
केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बिड़ला समूह द्वारा संचालित इंजीनियरिंग संस्थान बिट्स पिलानी के पांचवें परिसर का उद्घाटन किया। इसके साथ ही इस प्रतिष्ठित संस्थान में कानून, प्रबंधन और डिजाइन का पाठ्यक्रम शामिल हो गया है। सीतारमण ने यहां बिड़ला समूह के इंजीनियरिंग संस्थान बिट्स पिलानी के पांचवें परिसर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि संस्थान ने फॉर्च्यून 500 में 7,300 मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), वैश्विक ख्याति के 300 शिक्षाविद और 600 सिविल सेवक दिए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि इसने 6,200 स्टार्टअप भी तैयार किए हैं जबकि इसके इनक्यूबेशन सेंटर ने 170 स्टार्टअप को जन्म दिया है, जिनमें से 30 यूनिकॉर्न बन गए हैं। इस अवसर पर समूह के चेयरमैन और संस्थान के कुलाधिपति कुमार मंगलम बिड़ला ने अपने संबोधन में कहा कि महानगर के नजदीक कल्याण क्षेत्र में स्थित 60 एकड़ में फैले 1,600 करोड़ रुपये के इस परिसर की पूरी क्षमता 5 हजार छात्रों की है।

# 1 जुलाई से लागू होंगे तीन नए आपराधिक कानून

## तीनों कानूनों को पिछले साल 21 सितंबर को संसद से मंजूरी मिली थी

**नई दिल्ली**
देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलने के लिए एक जुलाई से तीन नए कानून लागू होंगे। ये तीन कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम हैं। तीनों कानूनों को पिछले साल 21 सितंबर को संसद से मंजूरी मिली थी। उसके बाद 25 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी उन्हें मंजूरी दी थी।

**गृह मंत्रालय ने जारी की अधिसूचना**
केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) की ओर से तीन अधिसूचनाएं जारी की गई हैं। इनके मुताबिक नए कानूनों के प्रावधान एक जुलाई से लागू होंगे। ये कानून औपनिवेशिक काल की भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की जगह लेंगे। तीनों कानूनों का मकसद विभिन्न अपराधों और उनकी सजाओं को परिभाषा देकर देश में आपराधिक न्याय प्रणाली को पूरी तरह से बदलना है।

**महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध**
भारतीय न्याय संहिता ने यौन अपराधों से निपटने के लिए 'महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध' नामक एक नया अध्याय पेश किया है।

कानून में नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामला को पॉक्सो के साथ सुसंगत किया गया है और ऐसे अपराधों में आजीवन कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। सामूहिक दुष्कर्म के सभी मामलों में 20 वर्ष की सजा या आजीवन कारावास का प्रावधान है।

नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म को एक नए अपराध की श्रेणी में रखा गया है। धोखे से यौन संबंध बनाने या विवाह करने के सच्चे इरादे के बिना विवाह करने का वादा करने वालों पर लक्षित दंड का प्रावधान है। भारतीय न्याय संहिता में पहली बार आतंकवाद की व्याख्या की गई है और इसे दंडनीय अपराध बना दिया गया है। इसके अनुसार, जो कोई भारत की एकता, अखंडता, संप्रभुता, सुरक्षा या आर्थिक सुरक्षा या प्रभुता को संकट में डालने या संकट में डालने की संभावना के आशय से या भारत में या विदेश में जनता अथवा जनता के किसी वर्ग में आतंक फैलाने या आतंक फैलाने की संभावना के आशय से बमों, डाइमामाइट, विस्फोटक पदार्थों, अपायकर गैसों, न्यूक्लीयर का उपयोग करके ऐसा कार्य करता है, जिससे किसी व्यक्ति या व्यक्तियों की मृत्यु होती है, संपत्ति की हानि होती है, या करेंसी के निर्माण या उसकी तस्करी या परिचालन हो तो वह आतंकवादी कार्य करता है।

आतंकी कृत्य मृत्युदंड या आजीवन कारावास के साथ दंडनीय है, जिसमें पैरोल नहीं मिलेगी।




## दोषसिद्धि का निर्णय बहस पूरी होने से 30 दिनों के भीतर होगा

**किसी** भी आपराधिक न्यायालय में मुकदमे की समाप्ति के बाद निर्णय की घोषणा 45 दिनों से अधिक नहीं होगी। सत्र न्यायालय द्वारा बरी करने या दोषसिद्धि का निर्णय बहस पूरी होने से 30 दिनों के भीतर होगा, जिसे लिखित में मेंशनड कारणों के लिए 45 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है।

**भारतीय साक्ष्य अधिनियम में भी अहम प्रावधान**
भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 में दस्तावेजों की परिभाषा का विस्तार करते हुए इसमें इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकार्ड, ईमेल, सर्वर लॉग्स, कंप्यूटर पर उपलब्ध दस्तावेज, स्मार्टफोन या लैपटॉप के संदेश, वेबसाइट, लोकेशनल साक्ष्य को शामिल किया गया है।

## भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता...




**आपराधिक** कार्यवाही शुरू करने, गिरफ्तारी, जांच, आरोप पत्र, मजिस्ट्रेट के समक्ष कार्यवाही, संज्ञान, आरोप तय करने, प्ली बारगेनिंग, सहायक लोक अभियोजक की नियुक्ति, ट्रायल, जमानत, फैसला और सजा, दया याचिका आदि के लिए एक समय-सीमा निर्धारित की गई है। 35 धाराओं में समय-सीमा जोड़ी गई है, जिससे तेज गति से न्याय प्रदान करना संभव होगा। बीएनएसस में इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन के माध्यम से शिकायत देने वाले व्यक्ति द्वारा तीन दिनों के भीतर एफआईआर को रिकॉर्ड पर लिया जाना होगा। यौन उत्पीड़न के पीड़ित की चिकित्सा जांच रिपोर्ट मेडिकल एग्जामिनर द्वारा 7 दिनों के भीतर जांच अधिकारी को फॉरवर्ड की जाएगी। पीड़ितों/मुखबिरों को जांच की स्थिति के बारे में सूचना 90 दिनों के भीतर दी जाएगी। आरोप तय करने का काम सक्षम मजिस्ट्रेट द्वारा आरोप की पहली 60 दिनों के भीतर किया जाना होगा। मुकदमे में तेजी लाने के लिए, अदालत द्वारा घोषित अपराधियों के खिलाफ उनकी अनुपस्थिति में भी आरोप तय होने के 90 दिन के अंदर मुकदमा शुरू होगा।

## नए कानून में संगठित अपराध से संबंधित एक नई दंड धारा जोड़ी गई है..




**आतंकी** अपराधों की एक श्रृंखला भी पेश की गई है, जिसके अनुसार सार्वजनिक सुविधाओं या निजी संपत्ति को नष्ट करना अपराध है। ऐसे कृत्यों को भी इस खंड के तहत शामिल किया गया है, जिनसे 'महत्वपूर्ण अवसंरचना की क्षति या विनाश के कारण व्यापक हानि' होती है।

संगठित अपराध
नए कानून में संगठित अपराध से संबंधित एक नई दंड धारा जोड़ी गई है।

भारतीय न्याय संहिता 111. (1) में पहली बार संगठित अपराध की व्याख्या की गई है।

सिंडिकेट से की गई विधि विरुद्ध गतिविधि को दंडनीय बनाया गया है।

नए प्रावधानों में सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियां, अलगाववादी गतिविधियां अथवा भारत की संप्रभुता या एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कृत्य को जोड़ा गया है।

छोटे संगठित आपराधिक कृत्यों को भी अपराध घोषित किया गया है। सात वर्ष तक की कैद हो सकती है। इससे संबंधित प्रावधान खंड 112 में हैं।

**आर्थिक अपराध की व्याख्या भी की गई है :** करेंसी नोट, बैंक नोट और सरकारी स्टांपों का हेरफेर, कोई स्कीम चलाना या किसी बैंक/वित्तीय संस्था में गड़बड़ी ऐसे कृत्य शामिल हैं।

संगठित अपराध के कारण किसी व्यक्ति की मृत्यु हो गई है तो आरोपी को मृत्यु दंड या आंजीवन कारावास की सजा का प्रावधान है

## श्रीअन्न ब्रांड को दुनिया के हर डाइनिंग टेबल तक पहुंचाना है: पीएम मोदी

**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारत मंडपम में सहकारी क्षेत्र के लिए कई प्रमुख पहलों के शुभारंभ में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह भी मौजूद हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने 'ई-पैक्स से अन्न भंडारण तक' कार्यक्रम में सहकारिता मंत्रालय की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन किया है।

**'विकसित भारत का साक्षी...'**
इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत मंडपम 'विकसित भारत' की अमृत यात्रा में एक और बड़ी उपलब्धि का साक्षी बन रहा है। सहकार से समृद्धि का जो संकल्प देश ने लिया है, उसे साकार करने की दिशा में आज हम और आगे बढ़ रहे हैं। साथ ही, उन्होंने कहा, "इसके तहत देश के कोने-कोने में हजारों वेयर हाउस बनाए जाएंगे, हजारों गोदाम बनाए जाएंगे। उद्घाटन के दौरान पीएम मोदी ने कहा, "सहकार, जीवनयापन से जुड़ी एक सामान्य व्यवस्था को बड़ी औद्योगिक क्षमता में बदल सकता है।



## भाजपा: जल्द ही उम्मीदवारों की पहली सूची जारी होने की संभावना

**नई दिल्ली**
भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनाव के लिए विभिन्न राज्यों के प्रभारी बनाए गए पार्टी नेताओं के साथ शनिवार को बैठक की। इस दौरान उन्होंने चुनावी अभियान और जनसंपर्क कार्यक्रमों की समीक्षा की।

**बूथ स्तर पर मतदाताओं से जुड़ने के लिए अभियान चलाने पर जोर**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भाजपा के लिए 370 सीटें जीतने का लक्ष्य निर्धारित करने के बीच सूत्रों ने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने समाज के विभिन्न वर्गों तक पहुंचने और बूथ स्तर पर मतदाताओं से जुड़ने के लिए एक अभियान चलाने पर जोर दिया।



**जेपी नड्डा ने योगी आदित्यनाथ संग की बैठक**
बाद में नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित भाजपा की उत्तर प्रदेश इकाई के नेताओं के साथ एक अलग बैठक की। भाजपा देश के सबसे बड़े राज्य में अपनी सीटें बढ़ाने की कोशिश कर रही है। उसने उन सीटों को लक्ष्य बनाया है, जहां 2019 में सपा और बसपा के हाथ मिलाने पर उसे हार मिली थी।

**जल्द जारी हो सकती है भाजपा उम्मीदवारों की पहली सूची**
पिछले आम चुनाव में भाजपा ने उत्तर प्रदेश की 80 में से 62 सीटें जीती थीं। ये बैठकें इस संभावना के बीच हो रही हैं कि भाजपा जल्द ही अपनी केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक आयोजित करेगी। अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा करेगी।

## तीन साल से डटे अफसर एक ही लोकसभा क्षेत्र के दूसरे जिलों में न तैनात किए जाए




**नई दिल्ली**
चुनाव के दौरान अधिकारियों के स्थानांतरण से जुड़ी नीति में बदलाव करते हुए चुनाव आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया है, कि तीन साल से डटे अफसरों का स्थानांतरण एक ही लोकसभा क्षेत्र में आने वाले दूसरे जिलों में कतई न करें। इससे न सिर्फ आयोग की भावना प्रभावित होती है, बल्कि चुनावी निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े होते है।

**अधिकारियों के स्थानांतरण पर चुनाव आयोग की नजर**
आयोग ने इस दौरान राज्यों को हिदायत भी दी और कहा कि उनकी अधिकारियों के स्थानांतरण पर पैनी नजर है। ऐसे में इसका ठीक तरह से पालन हो।

आयोग ने यह कदम तब उठाया है, जब एक ही जिले में तीन साल से जमे अधिकारियों के स्थानांतरण नीति में बड़े स्तर पर गड़बड़ियों की शिकायतें मिल रही थीं।

जिसमें राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में नीति के तहत तीन सालों से जमे अधिकारियों का चुनाव से पहले एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरण तो कर दिया जाता था, लेकिन इसमें बड़ी संख्या में स्थानांतरण पड़ोस के ऐसे जिलों में कर दिया जाता था, जो एक ही लोकसभा क्षेत्र में आते थे। ऐसे में जिस आशंका के तहत उन्हें जिले से हटाया जाता था वह आशंका बनी रह जाती है।

**शिकायत मिलने के बाद आयोग ने किया बदलाव**
आयोग ने राज्यों से गड़बड़ियों से जुड़े मामलों के संज्ञान में आने के बाद यह बदलाव किया है। देश में मौजूदा समय में लोकसभा की बड़ी संख्या में ऐसी सीटें है, जो कई जिलों को मिलाकर बनी हैं। आयोग ने इसके साथ ही उन सभी सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को इससे इस नई व्यवस्था से राहत भी दी है, जहां सिर्फ दो ही लोकसभा क्षेत्र हैं।

## क्वाड जरूरी ताकि कोई हमारी पसंद को वीटो ना करे: एस जयशंकर

**नई दिल्ली**
पड़ोसी देश चीन एक बार फिर विदेश मंत्री जयशंकर के निशाने पर था। इस बार जयशंकर क्वाड के गठन के संदर्भ में चीन को संदेश दिया। भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया के समूह क्वाड के बारे में जयशंकर ने कहा कि इसकी जरूरत इसलिए पड़ी ताकि कोई दूसरा हमारी पसंद पर वीटो ना लगा सके। इसके साथ ही उन्होंने क्वाड के भविष्य पर सवाल उठाने वाले चीन को यह भी संदेश दिया कि आने वाले दिनों में यह संगठन और विस्तार करेगा, और मजबूत होगा। यह बात भारतीय विदेश मंत्री ने रायसीना डायलॉग परिचर्चा के तहत ही गठित क्वाड थिंक टैंक फोरम को संबोधित करते हुए कही। इस आयोजन के पहले दो दिन जयशंकर ने लगातार संयुक्त राष्ट्र सुधार के मुद्दे और भारत के साथ रिश्तों के संबंध में चीन की भारत विरोधी कूटनीति पर निशाना साधा था।



## कैट ने दिल्ली के तीन बाजारों को विकसित करने की घोषणा का किया स्वागत

**नई दिल्ली**
कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना के दिल्ली के तीन प्रमुख मार्केट- कश्मीरी गेट, कमला मार्केट और श्रद्धानन्द मार्ग को पुनः विकसित करने के आदेश का स्वागत किया है। कैट राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने शनिवार को एक बयान में शुक्रवार को तीन प्रमुख मार्केट- कश्मीरी गेट, कमला मार्केट और श्रद्धानन्द मार्ग को पुनः विकसित करने का उपराज्यपाल के आदेश का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के व्यापार तथा विकास में यह बहुत बड़ा कदम है। उपराज्यपाल के फैसले से इन ऐतिहासिक बाजारों का वैभव तो वापस होगा। वहीं, दूसरी ओर इन बाजारों की सुंदरता में वृद्धि होने से अन्य राज्यों से ज्यादा से ज्यादा लोग यहां सामानों को खरीदने आएंगे।

# कासगंज हादसे में 24 की मौत: एटा के नगला कसा में हर ओर मातम, चीत्कार से दहल उठा गांव

**कासगंज** । उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले में हुई दर्दनाक हादसे में मौत की सूचनाएं जैसे-जैसे पुष्ट होती गईं, मृतकों के परिवारों की महिलाओं के चीत्कारों और मातम से नगला कसा दहल उठा। चार गांव के लोग इस ट्रैक्टर ट्रॉली से गंगा स्नान को जा रहे थे। जिसमें नगला कसा के ही सबसे अधिक 46 लोग थे। ट्रैक्टर ट्रॉली पड़ोस के गांव रोरी के रहने वाले राहुल की थी। जिसमें बच्चों को मिलाकर कुल 54 लोग सवार होकर जा रहे थे।पूर्णमासी पर गंगा स्नान का गांव वालों ने अचानक ही विचार बना लिया और पड़ोस के गांव रोरी निवासी राहुल से बात की। वह अपनी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर चलने को तैयार हो गया। उसके साथ इस गांव के तीन और लोग आए। जबकि गांव बनार और खिरिया से दो-दो लोग गंगा यात्रा में शामिल हुए। अन्य सभी 46 लोग नगला कसा के ही थे।




कई लोगों का गंगा स्नान जाने का पहले से कोई विचार नहीं था। लेकिन गांव में ट्रैक्टर ट्रॉली आने और संग-साथ के लोगों को जाते देख उन्होंने भी मन बना लिया और ट्रॉली में बैठ गए। लेकिन गंगा तक पहुंचने से पहले ही काल ने इस ट्रॉली पर झपट्टा दे मारा।

सबसे पहले गांव में जो खबर पहुंची, वो केवल ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने की थी। मौत के बारे में किसी को जानकारी नहीं थी। समय बीता तो मृतकों की संख्या का अंदाजा लगाया जाने लगा। सबसे पहले छह लोगों की मौत बताई।इसके बाद संख्या लगातार बढ़ती गई और खबरें मिलने पर गांव के लोगों के दिल बैठते गए। एक-एक पल की खबर लेने के लिए लोग मोबाइल फोन के जरिए संपर्क बनाए हुए थे। पल-पल बेचैनी बढ़ रही थी। सब्र नहीं हुआ तो खुद ही घटनास्थल की ओर निकल पड़े।गांव में सुबह के समय कुछ स्पष्ट ही नहीं हो पा रहा था कि हादसे में कौन मरा और कौन जिंदा बचा। जिन लोगों के परिजन ट्रैक्टर ट्रौली में गए थे, वो सभी परेशान थे। एक-दूसरे को हिम्मत बंधा रहे थे। लेकिन अपनी ही हालत को काबू में रखना बहुत मुश्किल था।कई महिलाएं बदहवाश हालत में जमीन पर बार-बार गिर रही थीं। किसी का पति, किसी का भाई, किसी के पिता तो किसी के पुत्र इस हादसे में छिन गए थे।

# जुए के दांव पर लगा रहा कोटेदार गरीबों का राशन

## लामबंद हुई महिलाओं ने कोटेदार के घर काटा हंगामा फूलपुर एसडीएम से शीघ्र कार्रवाई की लगाई गुहार

अखंड भारत संदेश



**झूंसी।** फूलपुर तहसील क्षेत्र के अमरसापुर गांव में शुक्रवार को दर्जनों महिलाओं ने कोटेदार के घर पर धावा बोल दिया और जमकर हंगामा काटा। आरोप है कि कोटेदार क?ई महीने से कार्डधारकों का राशन जुए के दांव पर लगा रहा है। लामबंद ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ लिखित शिकायत करते हुए उपजिलाधिकारी फूलपुर से कार्रवाई की मांग की है। हंगामा कर रही महिलाओं ने बताया कोटेदार राममूर्ति राशन देने के नाम पर तीन महीनों से झूठा आश्वासन देकर फिंगर प्रिंट तो ले लेता लेकिन राशन देने में बहाने बाजी करता है। शिकायतकर्ता अवधेश कुशवाहा, नेहा मौर्या, मोहम्मद अयाज, सलीम, नौशाद, समीर अब्बास, शांति देवी, जवाहर लाल आदि का आरोप है कि कोटेदार गरीबों का राशन बेचकर शराब और जुए में उड़ा रहा है। जब कार्डधारक गल्ला लेने जाते हैं तो वह गल्ला नही आने का बहाने बाजी करता है। क?ई कार्डधारकों के साथ वह गाली-गलौज, मारपीट करता है। ग्रामीणों का कहना है कि कोटेदार को कर्ज देने वाले पैसा न मिलने पर कोटेदार के घर से राशन भरी बोरियां उठा ले जाते हैं। नगर निगम वार्ड अमरसा पुर का कोटेदार पांच गांवों अमरसापुर, रघुनाथ, सुल्तान पुर, लालगंज तथा सराय शंकर के कार्डधारकों का राशन उठान करता है। ग्रामीणों ने कोटेदार की हरकतों से तंग आकर फूलपुर एसडीएम तथा आपूर्ति निरीक्षक से लिखित शिकायत करते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# डेज मेडिकल के पास बाइक गड्ढे में गिरी एक की मौत दूसरा घायल

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र थाना के डेज मेडिकल तिराहे के पास शनिवार को अनियंत्रित बाइक गड्ढे में फंसकर गिर गई। हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को एसआरएन अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान एक की मौत हो गई जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। झलवा का रहने वाले अखिलेश विश्वकर्मा (26) पुत्र राजकुमार शनिवार को अपने पड़ोसी संजय यादव (30) पुत्र जवकरन यादव के साथ बाइक से मेजा जा रहा था। दोनों फैब्रिकेटिंग का काम करते थे। औद्योगिक क्षेत्र में डेज मेडिकल तिराहा, डेयरी मोड़ के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में चली गई। हादसे में दोनों गंभीर घायलों को इलाज के लिए एसआरएन में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों ने अखिलेश विश्वकम्मा को मृत घोषित कर दिया।

## माघ मेले में संत की मौत

**झूंसी।** माघ मेले के प्राचीन गंगा थाना क्षेत्र के नृत्य जी आश्रम में शुक्रवार को एक 90 वर्षीय संत की मौत हो गई। मेला पुलिस की सूचना पर पहुंची झूंसी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। संत के समाधि की भी चर्चा रही। मध्य प्रदेश सतना के सिरसाहा थाना निवासी सहदेव डोहर शुक्रवार को मेले में स्थित नृत्य जी आश्रम में मृत पाए गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। देर रात तक मृतक के परिजन भी आ गए। चर्चा रही कि सहदेव डोहर मोक्ष की प्राप्ति के लिए समाधि ली है। थाना प्रभारी झूंसी उपेंद्र प्रताप सिंह ने समाधि की बात से इनकार किया।

# न्यूज झरोखा

## मंगल भवन अमंगल हारी द्रबहु सो दशरथ अजिर बिहारी




**प्रतापपुर।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सांईबाबा के प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर 24 फरवरी को सांईबाबा मंदिर सांई वाटिका चनेथू शरीफाबाद प्रांगण से सांईबाबा की पालकी शोभायात्रा निकाली गई इसके पूर्व अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। सैकड़ों महिलाएं, बच्चे, पुरुष के साथ जय श्री राम सांई बाबा के जयकारे के साथ गांव के विभिन्न स्थानों से होते हुए पुनः मंदिर परिसर में शोभायात्रा संपन्न हुई। वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य आचार्यों द्वारा पूजन अर्चन, आरती, हवन कराया गया तथा भक्तों के लिए विशाल महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजक विमल फाउंडेशन के संस्थापक वरिष्ठ भाजपा नेता समाजसेवी विमलधर दुबे स्वागताकांक्षी संजय दुबे, राकेश धर दुबे सह संयोजक प्रवासी संपर्क प्रकोष्ठ भाजपा काशी क्षेत्र ने अतिथियों का स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में रामचंद्र दुबे, कमलधर हरिश्चंद्र, विद्याधर, प्रकाश चंद्र, सुरेश चंद्र, राज दुबे, राजेश, धर्मेंद्र, जितेंद्र, आशीष, सतीश, सचिन, रोहन, विकास, विशाल, आकाश, विवेक, नितेश, सर्वेश, अभिषेक, रितिक, आदित्य, वेदांत आदि सहित सैकड़ों माताएं, बहनें एवं बच्चे मौजूद रहे।

## सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आये हैं : तिवारी बंधु



**जंघई।** सुप्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय गायक तिवारी बंधु एवं उनकी टीम ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत करके उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूर्व प्रधान प्रयागपुर रमाशंकर पांडेय, सतेंद्र पांडेय, संजीव पांडेय द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। तिवारी बंधु टीम में सुजीत तिवारी, मंजीत तिवारी मेजा प्रयागराज एवं गायिका पारुल नंदा एवं संगीतकार गौरव, विकास, विशाल आदि लोग मौजूद रहे।

## चक अभय राम श्याम लाल का पूरा सड़क गड्ढे में तब्दील



**नैनी।** नैनी अधिकारियों से बार बार शिकायत करने के बावजूद भी सड़क का खस्ता हालत चक अभय राम श्यामलाल का पूरा मामा भांजा तलब नैनी में सड़क जर्जर होने के कारण ग्रामीणों को आने जाने में मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है दो से तीन फीट के बड़े बड़े गड्ढे चक अभय राम श्याम लाल के पूरा के रास्ते में बना हुआ है अधिकारी को बार बार शिकायत करने के बावजूद भी अभी तक सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा अधिकारियों के कान पर ध्यान नहीं रहा है इस रोड पर बड़े बड़े गड्ढे में तब्दील इसकी जानकारी सभी अधिकारियों को फिर भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रही है यह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य से मेरा निवेदन हैं की तत्काल अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए भाजपा सरकार को बदनाम करने का कार्य अधिकारी कर रहे हैं।

## कुढ़वा हनुमान मंदिर का दरवाजा तोड़कर मुकुट, घंटा, कलश, पीतल चोरी



**जंघई।** संकट मोचन हनुमान मंदिर कुढ़वा मंदिर में चोरों ने दरवाजा का ताला तोड़कर हनुमान जी का मुकुट, घंटा, कलश, पीतल का लोटा आदि सामान रात्रि मे उठा ले गए। सुबह ग्रामीणों ने देखा तो हल्ला मचाया और ग्रामीणों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे विकास शुक्ला, दीपक सिंह, आशुतोष सिंह, अरुण सिंह, नवीन केशरवानी, टिंकू प्रजापति, राजकुमार गुप्ता, त्रिवेणी सिंह, महेंद्र विश्वकर्मा, राजू शर्मा, दीपक सिंह आदि ने चोरी की घोर निंदा करते हुए पुलिस से अतिशीघ्र चोरी की घटना का खुलासा करने की मांग किया है और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग किया है कि चोरों का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि हनुमान जी के मंदिर में चोरी किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर महिला जख्मी मुकदमा दर्ज

मऊआइमा । प्राइवेट कंपनी के सिलसिले में मऊआइमा आयी महिला को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे महिला जख्मी हो गयी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रयागराज के खुल्दाबाद भुसौली टोला निवासी अमर सलूजा का कहना है कि उसकी बहन वर्षा सलूजा पत्नी अमित कपूर प्राईवेट कंपनी के काम के सिलसिले में मऊआइमा के रामफल इनारी पुलिस चौकी के पास खडी थी।तभी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी बहन वर्षा सलूजा की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## गुनई गहरपुर में बोरिंग हेतु लगाई गई चौपाल

मेजा। शनिवार।शनिवार को गुनाई गहरपुर गाँव में चौपाल लगाकर लोगों को लघु सिंचाई विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। गौरतलब है कि विकास खण्ड मेजा पहाड़ी इलाके का विकास खण्ड है। मेजा ब्लाक के बी टी राजेश तिवारी ने बोरिंग कराने वाले कृषकों को इसका लाभ कैसे मिलेगा विस्तार से बताया। इस मौके पर प्रधान गुनाई पंकज राव ब्लॉक क्वाडिनेटर मनरेगा कौंधियारा रेखा देवी,सोशल ऑडिट सदस्य मारुति मणि त्रिपाठी ,शारदा प्रसाद,राजमणि,ग्राम पंचायत सहायक मुनेश कुमार,शिवलाल के अलावा कई किसान महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## हत्या और गैंगेस्टर के फरार चल रहे आरोपियों पर जल्द पुलिस करेगी 82 की नोटिस चस्पा

झूंसी। थाना क्षेत्र के छतनाग इलाके में दिनदहाड़े प्रापर्टी डीलर की हत्या कर फरार चल रहे आरोपी शिव कुमार उर्फ ननका पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र निवासी उस्तापूर-महमूदाबाद के ?खिलाफ उसके घर पर पुलिस जल्द ही 82 की नोटिस चस्पा करेगी। ननका ने प्रापर्टी डीलर की हत्या अक्टूबर 202& में गंगा स्नान कर लौटते वक्त की थी। तभी से वह फरार चल रहा है। इसी प्रकार गैंगेस्टर एक्ट के फरार चल रहे अभियुक्त सलमान पुत्र रोशन निवासी भारतगंज थाना मांडा के ?खिलाफ भी पुलिस उसके घर पर 82 की नोटिस चस्पा करेगी। एसओ उपेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि डुगडुगी बजवाकर दोनों आरोपियों के घर जल्द ही 82 की नोटिस चस्पा की जाएगी।

## उमेश पाल की पत्नी बोलीं-पति का सपना पूरा करूंगी, प्रयागराज में पहली बरसी पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 24 फरवरी 2023 को हुए बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड और दो सरकारी गनर की हत्या की पहली बरसी पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। उमेश पाल के सुलेम सराय आवास पर हवन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में लोग उमेश पाल की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। जनप्रतिनिधि, प्रयागराज के अलावा आसपास के जिलों के भाजपा से जुड़े नेताओं को कार्यक्रम में बुलाया गया है। विभिन्न राजनीतिक सामाजिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों के बीच उमेश पाल का परिवार सपनों को साकार करने की बात कह रहा है। एक तरह से देखा जाए तो उमेश पाल के परिवार ने श्रद्धांजलि सभा में एक तरह से शक्ति प्रदर्शन की कोशिश की है। यहां तक की खुले मंच से उमेश की पत्नी जया पाल के लिए लोकसभा टिकट की मांग हुई।

# भारतीय संस्कृति-विरासत को आगे बढ़ाएँ युवा: प्रो. रीता बहुगुणा जोशी



**नैनी।** नैनी युनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट- फैकल्टी ऑफ अंडर ग्रेजुएट स्टडीज, नैनी ने शनिवार को युवा संवाद-इंडिया @2047 का आयोजन किया। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से प्रायोजित कार्यक्रम राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना और प्रोफेसर राजेंद्रबी सिंह विश्वविद्यालय (पीआरएसयू) के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में बोलती हुई सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि 21वीं सदी का युवा आत्मविश्वासी और निडर हैं। वे भारत का भविष्य हैं और अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाना उनकी जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथि एनएसएस राज्य समन्वयक डॉ. मंजू सिंह ने छात्रों से अमृत काल की पांच शपथों का पालन करने को कहा। विरासत पर गर्व और एकता और एकजुटता सहित विभिन्न विषयों पर विचार साझा करने में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। यूआईएम एफयूजीएस के प्राचार्य डॉ. देवेन्द्र तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया।

# बच्चे ही देश का भविष्य : पुष्पराज सिंह






## धूमधाम से मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**शंकरगढ।** बच्चे ही देश का भविष्य है और शिक्षा से ही इनका भविष्य उज्जवल होगा।अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें तथा उन्हें अच्छी शिक्षा दें,उक्त बातें शंकरगढ़ विकास खंड के कंपोजिट विद्यालय बढ़ैया में आयोजित वार्षिक उत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे ग्राम प्रधान व प्रधानसंघ के अध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहीं। ग्राम प्रधान ने कहा कि शिक्षा का जीवन में उतना ही महत्व है जितना की जीवित रहने के लिए लोगों को भोजन की आवश्यकता पड़ती है। हम सब का कर्तव्य है कि अपने बच्चों को अपनी क्षमता के अनुसार अच्छी शिक्षा दिलवाएं,जिससे कि वो आगे चलकर अपने गांव,अपने माता-पिता तथा क्षेत्र का नाम रोशन कर सके। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय मुख्य अतिथि व विद्यालय प्रधानाध्यापक द्वारा माँ सरस्वती को दीप प्रज्वलित कर व बच्चों के द्वारा माँ सरस्वती बंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय में बच्चों द्वारा सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मनमोहन लिया गया?। परिषदीय विद्यालय के द्वारा प्रस्तुत किये गए।प्रस्तुत कार्यक्रम कान्वेंट विद्यालय के बच्चों से कमजोर नही था। इस मौके पर ग्राम प्रधान तथा प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह द्वारा सेवानिवृत्ति शिक्षक इंद्र नारायण सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिंह ने कहा कि हम लोगों की हमेशा से यही कोशिश रहती है कि ज्यादा से ज्यादा बच्चे विद्यालय में आए और हम लोग उन्हें अच्छी से अच्छी शिक्षा देने का प्रयास करते हैं। अंत में कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वालों बच्चों को तथा नियमित विद्यालय आने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक ने उपस्थित अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक कौशलेश सिंह ने किया। इस मौके पर शिक्षक राजेंद्र सिंह, अभिषेक तथा गांव के काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।




# मेजा समाधान दिवस : छः शिकायतें दर्ज, 2 का मौके पर हुआ निस्तारण

**मेजा।** फरवरी माह के चौथे शनिवार को थाना कोतवाली मेजा में समाधान दिवस थाना प्रभारी मेजा राजेश उपाध्याय व एनटी मेजा अनुग्रह नारायण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें फरियादियों ने अपनी अपनी शिकायतें दर्ज कराई। शिकायतों के क्रम में निबैया निवासी राजबहादुर ने गांव के ही कथित दबंगों द्वारा उसकी भूमिधारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायत जहां दर्ज कराई। वहीं लोटाढ निवासी समाचार पत्र विक्रेता राकेश प्रजापति ने बिल जमा करने के बावजूद जेई रवि प्रताप सिंह द्वारा कनेक्शन काट दिए जाने की शिकायत की। इस दौरान कुल 6 शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें पुलिस विभाग से संबंधित 2 मामले का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने बताया कि जमीन संबंधित शिकायतों में राजस्व टीम गठित कर दी गई है और शीघ्र ही समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा।

## बार एसोसिएशन सोरांव का समय पर चुनाव कराने के लिए हुई बैठक बनी रणनीति

**सोरांव।** शनिवार को बार एसोसिएशन सोरांव में वर्तमान कार्यकारिणी की एक बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भाई लाल पटेल संग महामंत्री अच्युतानंद मिश्र ने किया। वहीं पर एल्डर कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, जंग बहादुर व गामा लाल यादव आदि लोगों ने समय पर चुनाव कराने के लिए समय सारणी की घोषणा की। जिसमें मतदाता सूची का प्रकाशन 26 फरवरी को होगा तथा आपत्ति 27, 28 फरवरी को लिया जाएगा। और मतदाता सूची में आपत्तियों का निस्तारण है 29 फरवरी को करके 1 मार्च को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दी जाएगी। तथा बैठक में उपस्थित रहे। सह चुनाव अधिकारी शशिकांत शुक्ला, गामा लाल व वीरेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव आदि लोगों ने सही व निष्पक्ष तरीके से चुनाव कराने के लिए कमर कस लिए हैं। जिसकी चुनाव के नामांकन तिथि 4 मार्च से 6 मार्च तक तथा नामांकन पत्रों की जांच 6 मार्च समय दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक व नामांकन पत्रों की वापसी 7 मार्च को कराकर 16 मार्च को चुनाव कराने की रणनीति बनी। उक्त तिथियां की जानकारी वर्तमान महामंत्री अच्युतानंद मिश्र ने दी है।

## सर्वाइकल कैंसर अथवा सामान्य भाषा में बच्चेदानी का कैंसर : डा . सोनी कुशवाहा

**कोरांव।** सर्वाइकल कैंसर का बचाव एवं इलाज दोनों संभव है परंतु इसके प्रति जागरूकता कम होने एवं सामाजिक लोक लिहाज की वजह से सही समय पर लोग डॉक्टर तक नहीं पहुंच पाते हैं। उक्त जानकारी सुकृति अस्पताल कोरांव की सर्जन सोनी कुशवाहा ने दी। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में लगभग 77340 महिलाओं की मौत सर्वाइकल कैंसर की वजह से हुई थी। किसी भी कैंसर में शरीर के किसी अंग की कोशिकाएं असामान्य एवं अनियंत्रित तरीके से बढ़ने लगती हैं। कैंसर को हमेशा उसे अंग से नाम से जाना जाता है जहां से कैंसर शुरू होता है। इसलिए कैंसर जब गर्भाशय ग्रीवा से शुरू होता है तब उसे गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर अथवा सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है। इसे बच्चेदानी के मुंह का कैंसर भी कहा जाता है। यह मुख्य रूप से वायरस , सिगरेट के सेवन, काफी कम एवं ज्यादा उम्र में शादी होने, अत्यधिक बच्चे होने, साफ सफाई का ध्यान नहीं रखने से होता है। सर्वाइकल कैंसर की शुरूआती दौर में कोई लक्षण नहीं मिलते परंतु जैसे-जैसे यह गंभीर होने लगता है मरीजों में लक्षण मिलने शुरू हो जाते हैं। अत्यधिक रक्तस्त्राव, बीच-बीच में ब्लड आना, बदबूदार पानी आना इसका मुख्य लक्षण है।

**महिलाओं में स्तन कैंसर के बाद सबसे ज्यादा होने वाला कैंसर है**



बचाव के लिए 18 वर्ष से कम उम्र में शादी नहीं करें, नशीले पदार्थ से बचाव सफाई का ध्यान रखें 9 से 26 वर्ष की आयु में लढश वैक्सीनेशन 30 से 65 वर्ष की आयु तक नियमित पैप स्मीयर जांचलक्षण मिलने पर तुरंत योग्य चिकित्सक से सलाह लें। कैंसर हो जाने पर इसका इलाज मरीज की स्थिति,लक्षण एवं कैंसर के स्टेज के अनुरुप होता है। शुरूआती स्थिति में पता चल जाने पर ऑपरेशन किया जाता है। यदि कैंसर बढ़ गया हो तो कीमोथेरेपी अथवा रेडियोथेरेपी दिया जाता है। यदि हम लोग समय पर वैक्सीनेशन करा लें, स्वस्थ जीवन शैली अपनाएं एवं लक्षण दिखते ही चिकित्सक से संपर्क करें तो कैंसर की वजह से होने वाली लगभग 90% तक मौत को रोका जा सकता है।

# हाई टेंशन की चपेट में आने से नाबालिग किशोर की हालत गंभीर

**नेवढ़िया उपकेंद्र के पास 11000 वोल्टेज पर चढ़ने के दौरान हुआ हादसा**

**मेजा।** क्षेत्र के नेवढ़िया गांव में एक प्राइवेट बिजली कर्मी हाई टेंशन की चपेट में आ गया जिससे दुर्घटना में वह बुरी तरह झुलस कर घायल हो गया। घायल किशोर को आनन-फानन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेवढ़िया स्थित विद्युत उपकेंद्र से थोड़ी दूर पर 11000 हाई टेंशन में समस्या बनी हुयी थी, जिसकी मरम्मत के लिए एक प्राइवेट कर्मी को चढ़ाया गया था। बताया गया कि जैसे ही वह हाई टेंशन वोल्टेज के संपर्क में आया तार में तेज करंट की प्रवाह से चिपक गया और बुरी तरह से झुलस गया। मौके पर पहुंचे लोगों द्वारा आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेजा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देख जिला चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया है। करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए किशोर की पहचान घुरहू बिन्द पुत्र कमलेश बिन्द निवासी अखरी शाहपुर के रूप में हुआ। जिसकी उम्र महज 15 से 16 वर्ष बताई गयी। जो नाबालिग है एकत्रित रहे ग्रामीणों में चर्चा रही कि उक्त किशोर विद्युत विभाग में बिजली बनाने का काम करता था। दुर्घटना से पूर्व विभाग में काम करने वाले किसी व्यक्ति के कहने पर नेवढ़िया गांव में बिजली बनाने गया था और विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण दुर्घटना का शिकार हो गया। घटना की जानकारी होते ही मां कलावती सहित अन्य स्वजन विलाप कर विभागीय कर्मचारियों को कोसते रहे। ऐसे में विभाग पर भी सवाल उठ रहा है लोगों का आरोप है कि विभागीय लोग एक नाबालिग युवक से खतरनाक काम आखिर कार क्यों करा रहे थे।

# स्वच्छता एवं शुद्ध जल लिए गांव-गांव भेजे गए प्रचार वाहन



**सहसों।** विकास खण्ड सहसों मुख्यालय पर शनिवार को उत्तर प्रदेश जल जीवन मिशन हर घर जल योजना अंतर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जल आपूर्ति विभाग द्वारा गांव गांव प्रचार प्रसार के लिए जागरुकता टीम के साथ प्रचार वाहन भेजने का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख गीता सिंह ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहनों को ग्राम पंचायत थानापुर, सेमरी, रुदापुर आदि गांवों में रवाना किया। कार्यक्रम को डीपीसी विमल पटेल, एडीपीसी योगेश पासवान एवं एडिटर राजू गौड़ ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान किया। ट्रेनर जल गुणवत्ता जितेंद्र कौशल व ट्रेनर सोशल मैपिंग मनोज यादव ने शुद्ध पेयजल की गुणवत्ता एवं मैपिंग के बारे में बखूबी समझाते हुए उपस्थित लोगों को जानकारी देते जागरूक किया तथा विस्तृत रूप से तकनीकी बातें समझाते हुए बताई। इस मौके पर संजय सिंह प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी, राजेश कुमार सिंह एडीओ पंचायत, शिवनारायण सिंह गप्पू प्रमुख प्रतिनिधि, अजय सिंह सचिव, दीक्षा द्विवेदी, सरिता पाल, शशि यादव, विजय बहादुर कनिष्क लिपिक एवं अरुण त्रिपाठी अकाउंटेंट सहित ब्लॉक कर्मचारी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सिरसा गंगा घाट पर पक्का पुल निर्माण को लेकर 27 फरवरी को होगा धरना : प्रदर्शन देंगे ज्ञापन

**मेजा।** सिरसा गंगा नदी पर पक्का पुल निर्माण की मांग को लेकर आगामी 27 फरवरी को मेजा तहसील मुख्यालय पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी वरिष्ठ समाजसेवी रामशिरोमणि तिवारी ने स्वयं की अगुवाई में किए जाने की जानकारी दी है। उन्होंने ने बताया कि हर साल सिरसा गंगा नदी घाट पर नाव डूबने का खतरा मंडराता रहता है पूर्व में नाव दुर्घटना में कई लोगो ने अपनी जान गंवा दी हैं। उन्होंने कहा कि गंगा आर-पार की यात्रा करने में लोगों काफी असुविधा होती है। आम जन मानस के हित लिए गंगा नदी पर पक्का पुल का निर्माण होना चाहिए। श्री तिवारी ने बताया कि पक्का पुल निर्माण को लेकर 27 फरवरी को एसडीएम मेजा को ज्ञापन दिया जाएगा और एकदिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने धरना प्रदर्शन में सभी समाजसेवियों एवं युवाओं से भारी संख्या में पहुंचने की अपील की है। समाज सेवा से जुड़े रामशिरोमणि तिवारी क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं की मांग उठाते रहते हैं।

# माघी पूर्णिमा स्नान पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

## वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने मेला क्षेत्र व स्नान घाटों पर निरंतर भ्रमणशील रह कर व्यवस्थाओं का लेते रहे जायजा







**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** शनिवार को माघी पूर्णिमा के पावन अवसर व माघ मेला के पंचम स्नान पर्व पर सायं 06:00 बजे तक लगभग 38 लाख 20 हजार स्नानार्थियों व श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना एवं अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम तट तथा गंगा जी के तट पर बनाये गये विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगायी एवं पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके दृष्टिगत सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी। माघ मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु सफाई कर्मियों की पर्याप्त संख्या में ड्यूटी लगायी गयी है। माघ मेला क्षेत्र में अपने स्वजनों से बिछड़ने वाले लोगो के लिए खोया-पाया केन्द्र से लगातार एनाउंस कर उनके स्वजनों से उन्हें मिलाया गया। श्रद्धालुओं को मेले में भटकना न पड़े, इसके लिए संगम जाने का मार्ग वापस लौटने का मार्ग व अन्य मार्गों को प्रदर्शित करते हुए साइन बोर्ड रास्तों पर लगाये गये है। माघ मेला क्षेत्र में सुरक्षा की व्यवस्था चाक-चौबंद रही। एडीजी जोन भानु भाष्कर, मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक प्रेम कुमार गौतम, कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द, पुलिस उपमहा निरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ. राजीव नारायण मिश्र, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, प्रभारी अधिकारी माघ मेला दयानन्द प्रसाद, एडीएम मेला विवेक चतुवेर्दी सहित अन्य वरिष्ठ पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी निरंतर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। माघी पूर्णिमा के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही। माघी पूर्णिमा का स्नान पर्व सकुशल एवं निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुआ।

# महाकुंभ के कार्यों में लापरवाही पर विद्युत विभाग के जेई निलंबित

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 से जुड़े कार्यों में लापरवाही पर अवर अभियंता पर गाज गिरी है। कमिश्नर की रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए विद्युत विभाग के प्रबंध निदेशक ने जेई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। हेतापट्टी में विद्युत विभाग की ओर से कराए जा रहे 132/33 केवी विद्युत सब स्टेशन के कार्यों का निरीक्षण अधिकारियों की टीम के द्वारा किया गया था। जांच के बाद रिपोर्ट कमिश्नर को भेजी गई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि निरीक्षण के दौरान कंक्रीट और ब्रिक मेनरी की गुणवत्ता ठीक नहीं पाई गई। जिसमें विभागीय लापरवाही की बात कही गई। रिपोर्ट के आधार पर पॉवर कार्पोरेशन के एमडी पी गुरु प्रसाद ने अवर अभियंता विद्युत जनपद पारेषण अरुण कुमार गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। निलंबन की अवधि में अवर अभियंता को मुख्य अभियंता कार्यालय लखनऊ संबद्ध किया गया है।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सहसों में कल

**सहसों।** विकास खण्ड सहसों कार्यालय परिसर में कल सोमवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आयोजन प्रातः 10 बजे से अपराह्न 4 बजे के मध्य किया जाएगा। आयोजन की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह करेंगी। आयोजन के मुख्य अतिथि सांसद फूलपुर केसरी देवी पटेल एवं विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पटेल की उपस्थिति में विवाह कार्यक्रम संपन्न होगा। उक्त आशय की जानकारी खण्ड विकास अधिकारी सहसों ने दी है।

# पावन पर्व कल्पवास में माघी पूर्णिमा का अनन्त महत्व : स्वामी श्री योगी सत्यम







**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में अक्षय वट मार्ग पर स्थित क्रियायोग शिविर में शनिवार को क्रियायोग गुरु स्वामी श्री योगी सत्यम जी महाराज ने साधकों को बताया कि पावन पर्व कल्पवास में माघी पूर्णिमा का महत्व अनन्त और असीम है। हजारों वर्षों से तीर्थराज प्रयाग, जहाँ तीन पावन नदियाँ गंगा, यमुना एवं सरस्वती, के सम्मिलन क्षेत्र में ऋषियों-मुनियों द्वारा कल्पवास की परम्परा स्थापित की गयी थी। कल्पवास का महत्व इसलिए और अधिक बढ़ जाता है क्योंकि ऋषियों-मुनियों ने सिद्ध किया है कि त्रिवेणी व संगम क्षेत्र में 12 वर्ष प्रकृष्टि यज्ञ से मनुष्य पूर्णतः अज्ञानता से मुक्त हो जाता है। प्रकृष्ट यज्ञ परम्परा की स्थापना के कारण ही इलाहाबाद का नाम प्रयागराज हुआ। इसी प्रयागराज को तीर्थराज प्रयाग भी कहा जाता है।₹ उक्त विचार क्रियायोग वैज्ञानिक स्वामी श्री योगी सत्यम ने अक्षयवट मार्ग स्थित क्रियायोग शिविर में व्यक्त किए। स्वामी जी ने आगे कहा, ऋषियों-मुनियों ने जिस यज्ञ की चर्चा की है उसका जिक्र वेंदो में है। ज्ञानावतार स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरी जी द्वारा सनातन धर्म में वर्णित 'यज्ञ' का सुप्रसिद्ध, सर्वश्रेष्ठ सद्ग्रंथ 'कैवल्यदर्शनम' में वर्णन है। कैवल्य दर्शनम के तृतीय अध्याय 'साधनम' में यज्ञ का वर्णन इस प्रकार किया गया है तपःस्वाध्यायब्रह्मनिधानानि यज्ञः₹। कलिकाल में 'यज्ञ' क्रिया का गलत रूप प्रचलित हो गया था। 'यज्ञ' सत्य व अहिंसा पर चलने का मार्ग है। अज्ञानता के कारण 'यज्ञ' कर्म के अंतर्गत नर बलि, पशु बलि जैसे हिंसक कार्य समपन्न होने लगे। इसी कारण मृत्युजंय श्री महावतार बाबाजी ने 'यज्ञ' शब्द के स्थान पर 'क्रियायोग' दिया। क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में 12 महीने (पूरे वर्ष भर) प्रतिदिन पावन यज्ञ का सम्पादन होता है। क्रियायोग कार्यक्रम में भारत के साथ-साथ अमेरिका, कनाडा, ब्राजील, सिंगापुर, यूरोप, यूक्रेन, स्विट्जरलैंड, आयरलैण्ड, जर्मनी आदि देशों से साधकों ने भाग लिया।

# राइस मिल की दीवार गिरने से चौकीदार की मौत





भीड़ को समझाते तहसीलदार डॉक्टर बृजेश कुमार तथा मृतक की फाइल फोटो

**सोरांव।** थाना क्षेत्र के बड़गांव चौकी अंतर्गत की रात एक राइस मिल के अंदर कमरे में रखी धान की बोरियां गिरने से बगल बनी दीवाल भी गिर गई। जिससे राइस मील गोदाम की रखवाली कर रहा चौकीदार की दबकर मौके पर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने रात में ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार राजापुर परशुराम निवासी विजय कुमार 48 पुत्र स्व. दयाराम बड़गांव चौकी क्षेत्र के सधनगंज गांव के पास स्थित एक राइस मिल पर चौकीदारी करता था। रोज की तरह शुक्रवार को घर से शाम लगभग 7 बजे राइस मील पर ड्यूटी करने पहुंचा। तथा गेट के सामने अलाव जलाकर ताप रहा था तभी रात लगभग 11 बजे अचानक राइस मिल के अंदर रखी धान की बोरियां संग दीवाल अधेड़ के ऊपर गिर गई। जिससे अधेड़ की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची सोराव थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रात में ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुबह मृतक के घर वालों को घटना की जानकारी होने पर मृतक की पत्नी रूपा देवी और गांव वालों घटनास्थल पर पहुंचे मृतक के गांव वालों ने मील संचालक के खिलाफ उग्र हो गए। जिसकी देखते हुए तहसीलदार सोरांव डॉ बृजेश कुमार संग थाने की फोर्स मौके पर पहुंचकर उग्र लोगों को समझाया बुझाया। तथा मील संचालक कौशांबी निवासी वीरेंद्र कुमार गुप्ता को बुलवाकर मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता के रूप में नौ लाख रुपए दिलवाए। खबर लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम नही हुआ था। घटना से मृतक के चार बेटियां संग एक पुत्र का रो रो कर बुरा हाल है।

## दंपति को कार में बिठाकर टप्पेबाज ले उड़े गहने

**झूंसी।** गंगा स्नान कर घर जाने के लिए वाहन के इंतजार में बैठे दंपति को कार में बिठाकर टप्पेबाज गहने लेकर फरार हो गए। घटना के बाद घबराए पति-पत्नी झूंसी थाने पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। सरायममरेज थाना के पिपरी गांव निवासी फूल चंद्र पाण्डेय माघी पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने अपनी पत्नी सुशीला देवी के साथ आए थे। स्नान कर वह घर के लिए रवाना हुए। वाहन के इंतजार में दोनों लोग आवास विकास कालोनी योजना तीन के सामने बैठे थे। तभी एक युवक पहुंचा और अपने को फौजी बताकर पूछा आपको कहां जाना है। फूलचंद ने युवक से हंडिया जाने की बात बताई। युवक ने फोन कर एक कार बुला लिया। कार में पति-पत्नी को बिठाकर हंडिया के लिए रवाना हो गए। बताते हैं कि हनुमानगंज के पास टप्पेबाजों ने अपने को पुलिस वाला बताया और कहा कि लूट की घटना हूई है हम लोगों ने कुछ लुटेरों को पकड़ा है। आप लोगों के पास जो भी नकदी व जेवरात हो हमें दे दें। बुजुर्ग दंपत्ति उनकी बात पर विश्वास करते हुए सोने की चेन व अंगूठी उन्हें दे दी। दंपत्ति के मुताबिक दोनों युवकों के पास तमंचा था। इसी दौरान टप्पेबाज जगतपुर के पास दोनों को कार से उतार कर फरार हो गए। इस मामले में थानाध्यक्ष उपेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि घटना सरायइनायत थाना क्षेत्र का है फिलहाल टप्पेबाजों की खोजबीन की जाएगी।

# सिर पर रॉड से प्रहार कर बड़े भाई को उतारा मौत के घाट

### पुलिस ने आरोपी को लिया हिरासत में

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** कैंट थाना क्षेत्र के अशोकनगर में छोटे भाई ने रॉड से सिर पर प्रहार कर बड़े भाई की हत्या कर दी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस की पूछताछ में उसने चौंकाने वाली बात बताई।अशोक नगर के रहने वाले संदीप मिश्र के दो बेटे शिवम मिश्र (26) और सत्यम मिश्र (22) हैं। शिवम मिश्र एलएलबी तृतीय वर्ष का छात्र है, जबकि सत्यम एम कॉम कर रहा है। शनिवार की देर रात घर में सोते समय सत्यम ने शिवम के सिर पर रॉड से प्रहार कर दिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना से परिवार चीख पुकार मच गई। शोरगुल सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी छोटे भाई को हिरासत में ले लिया।



पुलिस के अनुसार वह बड़े भाई से ईर्ष्या रखता था। उसको लगता था कि माता-पिता बड़े भाई से ज्यादा प्यार करते हैं। इसी के चलते उसने बड़े भाई को रास्ते से हटाने की योजना तैयार की।

**एलएबी कर रहा था शिवम :** शिवम विधि स्नातक का छात्र था। वह तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। आनंद भवन के पीछे स्थित सोम लॉ कॉलेज सिराथू के ब्रांच से एलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। दोस्तों ने बताया कि वह बहुत ही मेहनती और अनुशासित लड़का था। हमेशा हंसते मुस्कुराते हुए उनसे मिलता था। घटना की जानकारी होने पर उसके दोस्त भी स्तब्ध रह गए।

## न्यूज झरोखा

### माघ पूर्णिमा : अरैल घाट पर प्रशासन के साथ एसपीओ टीम तैनात रही



**नैनी।** नैनी अरैल माघ मेला के पांचवें स्नान माघी पूर्णिमा स्नान पर्व पर संगम के पवित्र जल में डुबकी लगाने के लिए भक्तिभाव से ओतप्रोत बच्चे युवा व बुजुर्गों की भीड़ दिनभर जुटी रही। भोर के साथ ही स्नान का क्रम आरंभ हो गया। माघ पूर्णिमा स्नान के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों व श्रद्धालुओं ने संगम में पहुंच कर आस्था की डूबकी लगाई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात रही। वहीं शान्ति सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए पुलिस उपायुक्त यमुनानगर उपजिलाधिकारी करछना एसीपी करछना एवं नैनी कोतवाली इंचार्ज के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद के निर्देश पर विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम के जवानों को सुबह से ही मेला क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर एसपीओ टीम के मेला प्रभारी रामजी जायसवाल के नेतृत्व में एसपीओ टीम की ड्यूटी लगाई गई। यमुनानगर के अन्तर्गत अरैल सोमेश्वर घाट पर अरैल चौकी इंचार्ज के निर्देशन में एसपीओ टीम के जवान जगह जगह तैनात रहे। इस दौरान एसपीओ टीम के प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल मेला प्रभारी रामजी जायसवाल संदीप विश्वकर्मा मयंक कुमार सुशील शर्मा राम जी दिनेश कुमार सोनकर पंकज मलिक सैय्यद अजीजुर्रहमान वसीम खान सुरेन्द्र कुमार गुप्ता तस्लीम खान अंकित केसरवानी नौशाद अहमद अलीम खान राजू साहनी मो आरिफ आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

### अरैल आश्रम में संत रविदास जी की जयंती मनाई गई



**नैनी।** नैनी अरैल स्थित संत रविदास जी महाराज आश्रम में संत रविदास जी की जयंती के शुभ अवसर पर भजन कीर्तन एवं कथा कर जयंती दिव्य भाव रूप से मनाई गई । इस अवसर पर आश्रम महंत गेदादास महाराज के नेतृत्व में भजन कीर्तन करके संत रविदास जी के चरणों में फूल अर्पित करके दिव्य भाव रूप से मनाया गया। इस अवसर पर काशी प्रांत उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज संजय श्रीवास्तव, भक्त संतोष कुमार, रमेश चंद, सोने लाल, पं दामोदर तिवारी, लव कुश गौतम, प्रदीप कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# एक्सप्रेसवे पर खड़े डंपर में घुसी कार, व्यापारी पुत्र की मौत

**प्रयागराज।** कन्नौज में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार सुबह हुए सड़क हादसे में शहर के प्रतिष्ठित चश्मा कारोबारी पंकज भार्गव के बेटे प्रशांत भार्गव (30) की मौत हो गई। हादसा तब हुआ, जब वह कंपनी के काम से लखनऊ से अलीगढ़ जा रहे थे। रास्ते में तालग्राम थाना क्षेत्र में उनकी कार सड़क किनारे खड़े डंफर में जा घुसी। पोस्टमार्टम के बाद देर रात शव घर लाया गया।बाई का बाग निवासी पंकज भार्गव चश्मा कारोबारी हैं। जानसेनगंज के साथ ही सिविल लाइंस में भी उनका प्रतिष्ठान है। उनकी तीन संतानों में सबसे बेटे प्रशांत सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे और हैदराबाद की एक कंपनी में काम करते थे। डेढ़ महीने पहले ही उनका तबादला लखनऊ हुआ था जहां उनकी ससुराल भी है। शुक्रवार सुबह वह कंपनी के काम से अपनी ऑरा कार से अलीगढ़ जा रहे थे।कार, ड्राइवर मो. साजेब (38) चला रहा था और प्रशांत पीछे बैठे थे। वह लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर जनपद कन्नौज के तालग्राम थाना क्षेत्र स्थित 170 किमी कट के पास पहुंचे थे कि तभी उनकी कार सड़क किनारे खड़े डंपर में जा



घुसी। इससे कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। हादसे में प्रशांत की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को मोर्चरी भेजते हुए चालक को तिरवा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।तालग्राम थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पोस्टमार्टम के बाद देर रात शव बाई का बाग स्थित घर ले आया गया। बड़ी संख्या में व्यापारी व आसपास के लोग परिवार को ढांढस बंधाने में लगे रहे। व्यापारी के पारिवारिक मित्र कारोबारी रामजी जैन ने बताया कि अंतिम संस्कार शनिवार को रसूलाबाद घाट पर किया जाएगा।

# बाइक सवार को बचाने में डबल डेकर बस पलटी, एक की मौत, दर्जन भर यात्री घायल, पांच की हालत नाजुक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** दिल्ली से सवारियों को लादकर बिहार जा रही एक डबल डेकर बस हंडिया थाना क्षेत्र के रसार गांव के सामने शनिवार को सुबह हाईवे पर बने डायवर्सन के पास बाइक सवारों को बचाने में अनियंत्रित होकर एक बाइक से टकराती हुई दूसरी बाइक पर पलट गई। इस हादसे में सिर व शरीर में आई चोटों से बाइक सवार तीनों सहित दर्जनों बस सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए।आसपास के लोगों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। हंडिया थाना क्षेत्र के अरई गांव निवासी चचेरे भाई मिथिलेश कुमार विश्वकर्मा 45 वर्ष तथा धर्मेंद्र कुमार विश्वकर्मा 34 वर्ष बाइक से विंध्याचल दर्शन के लिए जा रहे थे।इसी समय रिखीपुर गांव निवासी वीरेंद्र कुमार भी बाइक से गुजर रहे थे। सुबह 5:30 बजे के करीब डायवर्सन के पास पहुंची बस एक बाइक से टकराती हुई पलट गई। बस नंबर बीआर 06 पीडी 377 1 जो दिल्ली से बिहार जा रही थी, जिसमें 70 यात्री सवार थे। हंडिया थाना क्षेत्र के रसार गांव के सामने हाईवे पर उर्मिला डिग्री कॉलेज



के सामने आए दो मोटरसाइकिल सवारों को बचाने में बस पलट गई। हादसे में डेढ़ दर्जन से अधिक यात्रियों को चोटे आई हैं, जिसमें छह लोगों की हालत चिंताजनक है। घायल देवेंद्र विश्वकर्मा (35) पुत्र लाल बहादुर निवासी ग्राम अहिरी, मिथिलेश विश्वकर्मा निवासी ग्राम अहिरी , वीरेंद्र यादव पुत्र विजय बहादुर निवासी ग्राम रिखीपुर यह सभी थाना हंडिया के रहने वाले हैं जो बाइक पर सवार थे।बस में सवार संजय यादव (32) पुत्र महेंद्र यादव निवासी सौरभ नंदगंज जिला गाजीपुर, निरंजन शाह पुत्र रामदेव निवासी ग्राम जगतपुर थाना डुमरिया जिला गया बिहार,.रोहित सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी ग्राम मझगवां थाना जलालपुर जिला जौनपुर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इन्हें उपचार के लिए सीएचसी ऊपरदहां से स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

# भगवान श्री कृष्ण की सोलह हजार एक सौ आठ शादियां हुई

## श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में बोले कथावाचक मनोज अवस्थी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जनपद के गायघाट के समीप पूरे अन्ती गांव में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह के प्रतिनिधि विनोद पांडेय के पैतृक आवास पर चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा में कथावाचक एवं समाज सुधारक मनोज अवस्थी ने कहा कि श्री कृष्णा कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को जन्म लिए थे।

भगवान नारायण के कृष्ण जन्म का मर्म विस्तार पूर्वक बताने के बाद उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की सोलह हजार एक सौ आठ शादियां कैसे और कब हुई और



भागवत कथा के दौरान मनोज अवस्थी को सम्मानित करते आयोजकगण

राजसूय यज्ञ पर मर्म डाला कथावाचक मनोज अवस्थी ने मौजूद श्रद्धालुओं से सशर्त कहा कि गोपिया किस तरीके से भगवान श्री कृष्ण से किस तरह से प्रेम करती थी इन सब पर कथा सुनते ही सुनते सभी लोगों की आंखों में आंसू आ गई सभी सनातनी श्रद्धालुओं के मन में मीठे शरबत की तरह खोल दिया। मौजूद श्रद्धालुओं ने कथा वाचक के साथ ज्ञान यज्ञ सप्ताह के सातवें दिवस पर भगवान श्री कृष्ण जी के नर और नारायण के जन्म के बारे में भी संक्षिप्त टिप्पणी देते हुए कथा के सातवें दिन का आयोजन धूमधाम से करने के बाद उत्साहित एवं हर्षित मन से मीठी-मीठी तालियां बजाने में मशगूल रहे कथा के मुख्य यजमान विजय नारायण पांडेय एवं सौरभ पाण्डेय, गौरव पांडेय, शारदा प्रसाद दुबे प्रधान, रमाशंकर तिवारी प्रधान, समाजसेवी राजेश पांडे, नरेंद्र पांडे, चंद्र प्रकाश तिवारी, अमित सरोज आदि लोग मौजूद रहे।

## संगम जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़, गार्ड से भिड़े यात्री

### पीआरएल ट्रेन के गार्ड ने दिया सूझबूझ का परिचय

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रविदास जयंती पर गंगा स्नान का पुण्य कमाने वाले स्नानार्थियों से संगम जाने वाली ट्रेनें खचाखच रही। सरयू एक्सप्रेस और पीएलएल ट्रेनों में पैर रखने की जगह नहीं थी। गार्ड के डिब्बे में जबरन चढ़ने से मना करने पर यात्री गार्ड से भिड़ गए। लेकिन गार्ड ने सूझबूझ का परिचय दिया जिससे ट्रेन सकुशल चली गई।

शनिवार को संत रविदास जयंती पर गंगा स्नान करने वालों भी भीड़ तड़के की मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन पर जमा हो गई थी। सरयू एक्सप्रेस आई उसमे भीड़ थी। उसके बाद पीआरएल पैसेंजर आई। यह पहले से फुल थी। उसमें चढ़ने को लेकर काफी धक्का मुक्की हुई। कुछ यात्री गार्ड के कोच में घुसने की कोशिश करने लगे।

# रियासत के इर्द गिर्द घूमती यूपी की सियासत

## कुंडा एक बार फिर से चर्चा मे राजा भैया को साधने मे जुटे दिग्गज

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कुंडा के रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया को साधने मे राजनीतिक ताकतें अपनी गणित में साधते दिख रहे है वहीं अचानक से कुंडा के विधायक राजा भैया चर्चा मे एक बार फिर आ गये है। यूपी की सियासत के दो प्रमुख केंद्र सत्ताधारी भाजपा और मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टियां अपने संबंधों को सम्पर्कों की कसौटी पर मापने रामायण का चक्कर लगा रहे हैं। रामायण राजा भैया का लखनऊ स्थित आवास है जो आजकल जबरदस्त सुखियाँ बटोर रहा है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम की मुलाक़ात के बाद भाजपा के प्रदेश मुखिया की मुलाक़ात बड़े राजनीतिक समीकरण को दिखाने और समय विशेष पर राजा भैया के कद को समझने के लिए काफी है। दोनों

### भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की मुलाक़ात से मामला हाई वोल्टेज

मुलाक़ात से एक बात तो साफ समझ मे आती है की उत्तर प्रदेश की सियासत मे राजा भैया का कद बड़ा है इसमे किसी को संदेह नही है, जिसके चलते बड़ी राजनितिक पार्टियां समय समय पर उन्हे अपने पाले मे लाने को मजबूर हो जाती है। कुंडा विधानसभा जहां राजा भैया का एक तरफा वर्चस्व है, जहां पर उनके समर्थक उनकी एक आवाज पर कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहते है। प्रतिनिधि ने आज कुंडा के लोगों की नब्ज टटोली और इस परिदृश्य पर उनकी राय जानी। बिहार बाजार के रहने वाले राजेश साहू और धीरेन्द्र प्रताप सिंह का कहना है की समाचारों मे जब हम सुनते और देखते है की प्रदेश के बड़े बड़े दिग्गज हमारे राजा भैया से सहायता और समर्थन के लिए दौड़ रहे है तो काफी गर्व महसूस होता है। कुंडा नगर पंचायत के रहने वाले सतीश मिश्रा विधायक और राकेश यादव से जब पूछा की आपके राजा भैया के सहयोग के लिए प्रदेश के दिग्गज नेता घूम रहे है तो उन्होंने कहा की यूपी की सियासत मे सरकार चाहे जिसकी रही हो कभी न कभी सत्तादल और विपक्ष दोनों ही राजा भैया का सहयोग लेते रहते है। राजा भैया का समर्थक और कुंडा का होने के नाते हम सभी को फ़ख्र महसूस होता है। रैयापुर के रहने वाले ओम प्रकाश सरोज और सराय सैद खा के विमल चंद्र मिश्रा, अवनीश प्रजापति, जोधा यादव आदि का भी कमोवेश यही कहना है की राजा भैया हमारे स्वाभिमान है और जब उनके इर्द गिर्द प्रदेश की सियासत घूमती है तो कुंडा विधान सभा का मतदाता होने के नाते गर्वानुभूति होना स्वाभाविक है।

## सांसद के प्रयास से कुण्डा हरनामगंज रेलवे-स्टेशन शामिल हुआ आदर्श स्टेशन में

### 26 फरवरी को ओवरब्रिज एवं आदर्श स्टेशन का होगा शिलान्यास

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लाइव करेंगे शिलान्यास

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशांबी सांसद, संसदीय आचार समिति लोकसभा के चेयरमैन, विनोद सोनकर के प्रस्ताव एवं प्रयास से मवई, बाबूगंज एवं करेंटी रोड़ रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने का का प्रस्ताव दिया। जिस पर मवई रेलवे फाटक पर कार्य प्रारम्भ दो माह पूर्व हो गया।

कुण्डा रेलवे-स्टेशन के पश्चिमी फाटक (करेंटी रोड़) पर सांसद के अथक प्रयास से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने फाटक पर ओवरब्रिज पास कर दिया। यही नहीं कुण्डा हरनामगंज रेलवे-स्टेशन भी आदर्श रेलवे-स्टेशन में शामिल हुआ। सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने



सांसद विनोद सोनकर।

बताया कि 26 फरवरी को साढ़े 12 बजे देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी लाईब शिलान्यास करेंगे। कुण्डा रेलवे-स्टेशन पर सांसद विनोद सोनकर अपने कार्यकर्ताओं के साथ लाईब प्रसारण देखेंगे। इसके बाद क्षेत्र से आई जनता जनार्दन को संबोधित करेंगे।

# चमकता हुआ सितारा हैं साकेत महाविद्यालय की छात्राएंः हरिप्रताप सिंह

### साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में छात्राओं को बांटे गये स्मार्ट फोन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज के सभागार में मुख्यमंत्री स्मार्टफोन/टेबलेट वितरण योजना के अन्तर्गत जिलाधिकारी संजीव रंजन के माध्यम से प्राप्त 209 स्मार्टफोन के वितरण हेतु आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं कु0 नेहा सिंह, कु0 मानसी विश्वकर्मा, कु0 सौम्या विश्वकर्मा द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना, साई वन्दना एवं स्वागत गीत से हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए हरिप्रताप सिंह, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, प्रतापगढ़ ने कहा कि साकेत महाविद्यालय की छात्राएं चमकते सितारे हैं जो कि हमें अनेकोनेक उच्च पदों पर आसीन होकर गौरवान्वित कर रही है। उन्होने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढाओं, सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह, उज्जवला



स्मार्ट फोन वितरण समारोह में मौजूद प्राचार्या व छात्राएं।

योजना, सौभाग्य योजना जैसे कार्यक्रमों को संचालित कर मुख्यमंत्री ने सामान्य व्यक्ति के दैनिक जीवन को सरल बना दिया है, अब हमारी माताओं के आँखों में धुआँ नही लगता और बेटियाँ उनको बोझ नही लगती। सदर विधायक प्रतिनिधि अरूण कुमार मौर्य एवं हरिप्रताप सिंह ने स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ कु0 साक्षी कुमारी को स्मार्टफोन प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुकों के प्रति आभार महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 नीलिमा श्रीवास्तव व प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनन्त प्रकाश शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में डॉ0 अनीता पाण्डेय, डॉ0 अवधेश कुमार शर्मा, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा, ज्योति सिंह, सुजस शुक्ला, डॉ0 हेमन्त कुमार वर्मा, राहुल मिश्रा, विनय सिंह, रईस अहमद आदि ने सक्रिय योगदान दिया।

## अंजना कालेज के छात्र-छात्राओं को बांटे गए स्मार्टफोन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अंजना कालेज आफ टेक्निकल एजुकेशन सकरौली मादूपुर में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजनांतर्गत छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। मुख्य अतिथि सदर ब्लाक प्रमुख शेषा देवी, प्रधान संघ अध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, कालेज के निदेशक संजय सिंह ने 150 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के सामने स्मार्टफोन की सकारात्मकता को रखते हुए सरकार के पहल की सराहना किया। नोडल धनंजय प्रताप सिंह ने बताया कि शेष बचे विद्यार्थियों को क्रमशः वितरित किया जाएगा। शिक्षक फौजदार सिंह, अनामिका तिवारी, शिखा श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन उदय सिंह ने किया। विनय सिंह, रवि शंकर मिश्र, प्रताप पाल, निम्मो श्रीवास्तव, अजय सिंह, विपुल सिंह, लालजी वर्मा आदि मौजूद रहे।



स्मार्ट फोन के साथ मुख्य अतिथि व छात्रगण।

## हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में वितरित हुआ स्मार्ट फोन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ में छात्र छात्राओं को शासन द्वारा दिया जाने वाला स्मार्ट फोन बितरण कार्यक्रम हुआ। कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर शैलेन्द्र कुमार मिश्र ने स्वामी विवेकानंद एवं सरस्वती जी पर माल्यार्पण करके वितरण की शुरुआत की। सभी छात्रों की गहन स्क्रीनिंग करके स्मार्ट फोन दिया गया, फोन पाकर विद्यार्थी खुशी से झूम उठे। शासन द्वारा दिया जाने वाला यह लाभ गरीव एवं असहाय छात्रों के लिये संजीवनी का काम करेगा। वितरण कार्यक्रम में प्रोफेसर राजेंद्र मिश्र, डॉ ऋचा पांडे, प्रोफेसर आलोक दुबे, डॉ निशान्त पांडे, डॉ शिव कुमार यादव, डॉ ऐश्वर्य तिवारी, डॉ संतोष मिश्र, डॉ सीमा त्रिपाठी, डॉ गंगाधर मिश्र, डॉ महेश पांडे, श्री अरविंद मौर्य, श्री गोविंद जी, श्री संतोष दुबे, श्री वङ्का घोष ओझा, आदि महाविद्यालय के कर्मठ स्टॉप ने स्मार्ट फोन वितरण कार्य में सहयोग किया, उक्त सूचना कालेज जनसूचनाधकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र ने दी।



स्मार्ट फोन के साथ प्राचार्य व छात्रगण।

## कबड्डी प्रतियोगिता में मोहनगंज की टीम रही विजेता

### सांसद महिला खेल प्रतिस्पर्धा का हुआ शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सांसद महिला खेल प्रतिस्पर्धा के दूसरे दिन शनिवार के खेल का शुभारंभ संगम यूथ फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य, कैप्टन डीबी सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।अतिथियों ने कहा कि महिला प्रतिस्पर्धा से जिले की कई प्रतिभाएं सामने आईं। विभिन्न खेलों में बेटियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कालिका सिंह इंटर कालेज मोहनगंज एवं स्पोर्ट्स स्टेडियम के बीच में खेला गया। जिसमें 35-21 के अंतर से मोहनगंज की टीम विजेता रही। कुश्ती में आरती सिंह शिवगढ़ ब्लाक प्रथम,आज्ञा सिंह पटेल मानधाता द्वितीय एवं संयुक्त रूप से निशा विश्वकर्मा संडवा चंद्रिका एवं आकांक्षा यादव सदर ब्लाक तृतीय रही। 800 मीटर दौड़ के प्रथम वर्ग के सुपर सेमीफाइनल में अंशिका धुरिया संडवा चंद्रिका ब्लाक प्रथम,स्नेहा वर्मा संडवा चंद्रिका द्वितीय, स्नेहा पाल सदर ब्लाक तृतीय रही। द्वितीय वर्ग में नम्रता सिंह संडवा चंद्रिका,वर्षा सिंह सदर द्वितीय एवं अर्पिता पाल सदर ब्लाक तृतीय रही। वालीबाल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में यूपीएस मल्हूपुर के बच्चों ने शिक्षकों के ग्रुप को दो सेटों 15-11, 15-01 से शिकस्त दी। कबड्डी में कुंवर वीरेंद्र सिंह, त्रिलोचन सिंह,मो. आसिफ, लालमणि सिंह, जेपी यादव, कर्मराज सिंह, मो.इरफान, रामेंद्र सिंह, रवि प्रकाश सिंह,पुष्पा सिंह,विद्या सागर सिंह आदि एथलेटिक्स में सुशील सिंह, डा.आशुतोष सिंह, खुर्शीद अली, सुदीप पांडेय आदि, कुश्ती में जय बहादुर सिंह, सुधाकर पांडेय, सुष्मिता विश्वकर्मा, नेहा सरोज, बाल मुकुंद, गौरव सिंह, दीपक सिंह व वालीबाल में विनोद यादव, विमल कुमार, राजेंद्र यादव, लाल जी त्रिपाठी निर्णायक और स्कोरर रहे। संचालन डा. डीपी सिंह एवं राम कुमार सिंह ने किया। रघुराज बहादुर सिंह, मंजू सिंह, विवेक उपाध्याय, अभिषेक पांडेय, मोनू शुक्ल, शैलेश सिंह, बादल रंजन यादव, महेंद्र कनौजिया, सुभाष चंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## माघी पूर्णिमा पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

### घाट किनारे श्रद्धालुओं ने किया दान पुण्य

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** माघी पूर्णिमा के पावन पर्व पर शनिवार को हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओ ने कालाकांकर के पवित्र गंगा नदी मे स्नान कर अपने पाप धोकर पुण्य के भागीदार बने स्नान के बाद श्रद्धालुओ ने मां गंगा के साथ ठाकुर जी मंदिर शिवलिंग व काले हनुमान जी के साथ बूढ़े शिव लिंग मंदिर की पूजन अर्चन कर परिवार के सुख समृद्धि की ईश्वर से कामना किया गंगातट किनारे ठाकुर जी महराज के मंदिर के पुजारी शास्त्री पंडित गिरजाशंकर त्रिपाठी को महिलाओ ने अन्न वस्त्र फल के साथ दक्षिणा भेट किया। माघी पूर्णिमा स्नान के पर्व के बारे मे पुराणो मे बताते है कि आज के दिन भगवान देवलोक से देवता धरती पर आते है और गंगा मे स्नान करते है पुराणों के अनुसार माघ पूर्णिमा पर भगवान श्री विष्णु भगवान गंगाजल मे निवास करते है इस दिन गंगा स्नान करने से भगवान बिष्णु की कृपा मिलती है। स्नान करने से सभी पापो का नाश हो जाता है।घाट किनारे छोटे मोट दुकान दारो ने राजभवन के पास अपनी प्लास्टिक व खाने पीने की दुकाने लगा रखी थी घाट किनारे महिला सिपाही की डियूटी भी लगी हुई थी।

# डिग्री कालेज कालाक़ांकर मे राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर प्रारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाक़ांकर के पंडित मदन मोहन मालवीय पी जी कॉलेज काला काकर में राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर शनिवार को प्रारंभ हुआ जो 24 फरवरी से 1 मार्च को समाप्त होगा। शिविर का उद्घाटन राज भवन कालाक़ांकर के प्रबंधक डा घनश्याम यादव व मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज के शिक्षक संघ के महामंत्री प्रो विपन कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में रहे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक गण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी भी उपस्थित रहे मुख्य अतिथि ने शिवरार्थियों

### मुख्यतिथि के रूप मे डा घनश्याम यादव व विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रो राजेंद्र सिंह रज्जू भैया रहे




मुख्य अतिथि का स्वागत करते शिविर के कार्यक्रम अधिकारी भूपेश प्रताप सिंह।

को संबोधित करते हुए करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तृत्व चर्चा करके बताया और शिविरार्थियो का उत्साहवर्धन किया। मालूम हो कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीन ईकाईया संचालित है । इस अवसर पर तीनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 डालचंद आंनद, श्री भूपेश प्रताप सिंह व डा0 सृष्टि उपस्थित सहित अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

# डीएम ने नेवड़िया के लेखपाल द्वारा सही पैमाइश न किये जाने पर लगायी कड़ी फटकार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना संग्रामगढ़ में पहुॅचकर दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देश दिये। थाना समाधान दिवस में 07 राजस्व विभाग एवं 03 पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई जिस पर 02 राजस्व शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध तुरन्त टीम गठित कर जांच हेतु भेजा गया। थाना

### डीएम एवं एसपी ने थाना समाधान दिवस पर संग्रामगढ़ थाना में सुनी फरियादियों की समस्यायें

समाधान दिवस में अन्य प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पुलिस विभाग व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के सम्बन्धित शिकायतों का जल्द से जल्द निस्तारण करायें।थाना समाधान दिवस के अवसर पर नेवड़िया के शिकायतकर्ता ने शिकायत किया कि नेवड़िया के लेखपाल सत्येन्द्र द्वारा जमीन की पैमाइश गलत तरीके से की गयी है जिस पर जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित लेखपाल को बुलाकर नक्शे से पैमाइश करने की जानकारी ली तो लेखपाल द्वारा सही पैमाइश नही की जा सकी जिस पर जिलाधिकारी ने लेखपाल को कड़ी फटकार लगायी और उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता की पैमाइश टीम गठित कर करायें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि पुलिस थाने में आये हुये फरियादियों से सम्मानपूर्वक व्यवहार करें, उनकी शिकायतों को सावधानीपूर्वक सुने तथा जल्द से जल्द उनकी शिकायतों का निस्तारण करायें।



टोल प्लाजा पर एकत्र भाजपा नेता।

# हजारों के तादाद में राम भक्त अयोध्या दर्शन के लिए रवाना

## दर्शन यात्रा को भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया रवाना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री राम जन्मभूमि दर्शन अभियान के तहत आज शनिवार को सभी विधान सभाओं से 200 बस एवं 250 छोटी गाड़ियों के माध्यम से लगभग 9450 राम भक्त अयोध्या में प्रभु श्री राम लला के दर्शन के लिए कोहड़ौर टोल प्लाजा के पास से सुबह एक साथ रवाना हुई।

दर्शन के लिए बड़ी तादात में महिलाएं भी जा रही है। महिलाएं भजन कीर्तन इत्यादि करते हुए प्रभु श्री राम लाल के दर्शन के लिए जा रही हैं। जनपद से दूर दराज के गांव से बड़ी संख्या में लोग प्रभु श्री राम लाल के दर्शन के लिए जा रहे हैं। इस दर्शन यात्रा को भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने सांसद संगम लाल गुप्ता, विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, पूर्व मंत्री मोती सिंह, पूर्व विधायक धीरज ओझा, राजा अनिल प्रताप सिंह, शिव प्रकाश सेनानी, राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश सिंह, राम शिरोमणि शुक्ला, लक्ष्मी नारायण गुरु जी सहित अनेक राम भक्तों की उपस्थिति में श्री राम ध्वज पताका दिखाकर रवाना किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का कटा शव

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक के कुंडा रेलवे स्टेशन के पश्चिम छोर बाबूगंज बाजार के सामने शनिवार की सुबह रेलवे ट्रैक पर एक महिला का कटा शव रेलवे ट्रैक के बाहर मिलने से हड़कंप मच गया घटना की जानकारी मिलते ही कुंडा कोतवाली व जीआरपी पुलिस मौके पर पहुँची ग्रामीणो की भारी भीड़ जमा हो गयी पुलिस ने शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन पहचान नही हो सकी कोतवाली पुलिस शव की लिखा पढ़ी करके अपने साथ कोतवाली ले गई जंहा शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा। समाचार भेजे जाने तक महिला की पहचान नही हो सकी लोगों का अनुमान है कि महिला किसी ट्रेन से गिरी होगी या फिर महिला के साथ कोई अनहोनी घटना घटी होगी बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना का सही कारण पता चल पाएगा।

# कौशाम्बी संदेश

# एक बार फिर खून से लाल हो गई यमुना नदी की तलहटी

## वाहनों में लदे बालू बराबर करने को लेकर घाट पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, आधा दर्जन घायल

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** बालू के अवैध खनन को लेकर यमुना नदी की तलहटी हमेशा से खून से लाल होती रही है एक बार फिर शुक्रवार को यमुना नदी की तलहटी खून से लाल हो गई है यमुना नदी की तलहटी में जमकर खूनी संघर्ष हुआ है और आधा दर्जन से अधिक लोग लहूलुहान हो गए हैं पिपरी थाना क्षेत्र के सैदपुर स्थित बालू घाट पर शुक्रवार की सुबह वाहनों में बालू लादने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इसके बाद दोनों तरफ से जमकर लाठी-डंडा और बेलचा चला। मारपीट से घाट पर भगदड़ मच गई। मजदूरों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। इसमें छह लोग घायल हो गए। घायलों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। घायलों का इलाज अलग-अलग निजी अस्पतालों में चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक प्रयागराज के लालापुर थाना इलाके के मझियारी घाट पर बालू खनन के लिए पट्टा है। मझियारी घाट से बालू का खनन कर उसका परिवहन कौशाम्बी के पिपरी थाना इलाके से किया जाता है। खनन के बाद वाहनों पर लदे बालू को बराबर करने के लिए मजदूर एक वाहन से सौ रुपया लेते हैं। बालू बराबर करने को लेकर कई बार सैदपुर और तिल्हापुर गांव के मजदूर आमने-सामने आ चुके हैं। शुक्रवार सुबह सैदपुर गांव निवासी सुनील निषाद लोड ट्रक को फावड़े से बराबर कर रहा था। इसी बात को लेकर तिल्हापुर गांव के मजदूर विरोध करने लगे। दोनों तरफ से इकट्ठा हुए लोग गाली गलौज कर एक दूसरे पर लाठी-डंडा और बेलचा लेकर टूट पड़े। दोनों तरफ से जमकर मारपीट होने लगी। मारपीट में एक तरफ से सैदपुर निवासी सुनील निषाद पुत्र विनोद निषाद, नीरज पुत्र ननकू, आशीष पुत्र कंधई घायल हो गए। जबकि दूसरे पक्ष से सरायअकिल कोतवाली के तिल्हापुर गांव निवासी बंशीलाल पुत्र मोतीलाल, जीवनलाल पुत्र हिरई, मसूरी पुत्र मुन्नी लाल, मीही लाल पुत्र भोरई घायल हो हुए हैं। बंशीलाल का सिर फट गया है। सभी घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर दिनेश सिंह परिहार का कहना है कि मामले की तहरीर मिली है। क्रॉस केस दर्ज किया जा रहा है। मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### थाना समाधान दिवस से गायब रहे लेखपाल परेशान रहे फरियादी

**कोखराज कौशाम्बी** मुख्यमंत्री की अति महत्वपूर्ण योजना थाना समाधान दिवस के अवसर पर राजस्व निरीक्षकों की लापरवाही के चलते न्याय के लिए फरियादी भटकते रहे लेकिन उसके बाद थाना समाधान दिवस में राजस्व लेखपाल नहीं पहुंच सके हैं थाना समाधान दिवस से गायब रहने वाले लेखपालों को समाचार लिखे जाने तक एसडीएम ने निलंबित कर सूचित नहीं किया है जिससे उनकी भी लापरवाही इस मामले में सामने उजागर हो रही है लेखपालों का यह कारनामा शासन विरोधी है और उस पर जिलाधिकारी ने संज्ञान लिया तो लेखपालों पर कठोर कार्रवाई हो सकती है बताते चलें कि शनिवार 24 फरवरी को कोखराज थाने में समाधान दिवस पर बिना कोई लेखपाल की उपस्थिति नही रही जमीन के विवाद से संबंधित न्याय की उम्मीद लेकर थाना पहुंचे फरियादियों को लेखपालों की अनुपस्थिति में न्याय नहीं मिल सका थाना समाधान दिवस के अवसर पर लेखपालों की बड़ी लापरवाही के बाद फरियादियों को मायूस होकर लौटना पड़ा थाना समाधान दिवस के मौके पर एसओ कोखराज इंद्र देव व इंस्पेक्टर राकेश कुमार व कानून गो सुरेंद्र की उपस्थिति में लोगों को सुना गया राजस्व कानून गो के मौजूद होने के बाद राजस्व के मामलों का निस्तारण नहीं हो सका है।

## न्यूज झरोखा

### पूर्व सांसद महाशय मसूरिया दीन पासी के मूर्ति का अनावरण



**कौशाम्बी।** प्रभारी मंत्री/ राज्यमंत्री कारागार, उ0प्र0 सुरेश राही ने आज दंगल मैदान, पूरब-पश्चिम शरीरा पहुँचकर महाशय मसूरिया दीन पासी के मूर्ति का अनावरण किया तथा दंगल मैदान के बाउण्ड्रीवाल के निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर सांसद विनोद कुमार सोनकर अध्यक्षा जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भारवारी श्रीमती कविता पासी एवं पूर्व विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### जन शिक्षण संस्थान द्वारा पी एम विश्वकर्मा आवासीय प्रशिक्षण तृतीय बैच का आज एसेसमेंट किया गया



**कौशाम्बी।** जन शिक्षण संस्थान कौशांबी कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पी एम विश्वकर्मा प्रशिक्षण दिनांक 19 फरवरी 2024 से 23 फरवरी 2024 तक आवासीय प्रशिक्षण तृतीय बैच का आज एसेसमेंट किया गया इस कार्यक्रम में दिनांक 23 फरवरी 2024 को आर डी एस ई कानपुर विभाग के अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया साथ में जिला प्रबंधक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन कौशांबी से दीपक मौर्य और महिला मोर्चा भाजपा की अध्यक्षा श्रीमती दीपा श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों को पी एम विश्वकर्मा योजना के बारे में विस्तृत चर्चा की तथा संस्थान के निदेशक श्री राजकुमार पांडे ने सभी का आभार व्यक्त किया इस कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी संजय सिंह सहायक कार्यक्रम अधिकारी विजेंद्र मिश्रा श्रद्धा तिवारी सतीश राजू शुक्ला प्रशिक्षिका श्रीमती सुनीता देवी श्रीमती रेखा देवी लगभग 40 प्रशिक्षार्थी मौजूद रहे।

### नुक्कड़ सभा नाटक का आयोजन कर साफ सफाई स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



**कौशांबी।** जिला के ग्राम पंचायत सरैया सरदपुर में स्वच्छ भारत मिशन के अंतरगत प्रधान प्रतिनिधि एवम भाजपा ओबीसी मोर्चा वीरेंद्र कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में सर्वजनिक शिक्षण नयन संस्थान एनजीओ के द्वारा नुक्कड़ सभा तथा नाटक का आयोजन करके लोगों को साफ सफाई तथा स्वच्छता के साथ रहकर के अपने घर का तथा अपने गांव को कैसे स्वच्छ किया जाए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करके लोगो को जागरूक किया गया की आप लोग अपने घर टोला मोहल्ला और गांव को स्वच्छ रखें जिससे गांव में होने वाली बीमारी से बचा जा सके जिससे गांव में गंदकी के कारण होने वाली बीमारी से लोगो को सुरक्षित रखा जा सके इस दौरान वीरेंद्र कुमार चौरसिया जगन्नाथ दिवाकर मोहित त्रिपाठी गुलाब अली बच्ची लाल राम चंद्र प्रेम चंद्र हरी ओम मोनू फिरोज बुलाकी प्रमोद कुमार हुसैन अली हासिम एवम अन्य सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# पेड़ पर लटकता मिला राजकीय प्रेस कर्मी का नीचे से नग्न शव पैर छू रहा था जमीन

## पेड़ के पास पड़ी थी व्यक्ति की चड्डी फिर भी आत्महत्या साबित करने में बेचैन दिखाई पड़ रही है थाना पुलिस



**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के खुर्मपुर बजहा गांव में शनिवार की सुबह एक व्यक्ति राजकीय प्रेस कर्मी का शव पेड़ से बंधा हुआ मिला है जिसके लाश के पैर जमीन पर टिके हुए थे और यह व्यक्ति कमर के नीचे से पूरा नग्न था शव के पास में उसके चड्डी उतरी हुई पड़ी है लेकिन पुलिस उसके बाद इस व्यक्ति की मौत को आत्महत्या साबित करने के लिए उतावली दिखाई पड़ रही है जबकि पुलिस के पहले ही परिवार के लोगों ने शव को पेड़ से नीचे उतार करके घर उठा ले गए मौके पर पहुंची पुलिस ने घर से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक रात में दावत खाने गया था जहां से वापस घर नहीं लौटा उसकी कैसे उसकी मौत हुई है यह बड़ी गंभीर जांच का विषय है लेकिन व्यक्ति की मौत को आत्महत्या साबित करने में उतावली पुलिस से निष्पक्ष जांच की कैसे उम्मीद लगाई जा सकती है। घटनाक्रम के मुताबिक करारी थाना क्षेत्र के बजहा खुर्मपुर गांव में शनिवार की सुबह गवर्नमेंट प्रेस के कर्मी का शव गांव के बाहर एक पेड़ पर लटकता मिला। शौच गए लोगों ने शव देखा तो परिजनों को सूचना दी। मृतक की चड्डी और पैंट शरीर पर नही था चड्डी बगल में पड़ी थी बताया जाता है कि जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों ने पेड़ से शव को उतार लिया है और घर उठा ले गए हैं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बजहा खुर्मपुर गांव के भग्गन उम्र 55 वर्ष प्रयागराज के राजकीय मुद्राणालय में बाइंड्री सेकसन में हेल्पर के पद पर कार्यरत है। वह प्रतिदिन घर से प्रयागराज डियूटी करने जाते थे। शुक्रवार की शाम डियूटी से वापस आने के बाद वह दावत खाने चले गए और वापस नही लौटे शनिवार की भोर पांच बजे उनका शव गांव के बाहर पेड़ से बंधा था चड्डी जमीन पर पड़ी थी पैंट गायब था और शव के पैर जमीन को छू रहे थे कुछ लोग गांव के बाग की ओर शौंच गए तो देखा भग्गन का शव जामुन के पेड़ से जमीन छूते3 लटक रहा था। उसका पैर जमीन पर छू रहा था। सूचना पर भग्गन के परिजन मौके पर पहुंचे।

बताया जाता है कि परिजन शव को घर उठा ले गए भग्गन के चार बेटे वृजलाल, वृजमोहन, वृजभान, वृज कुमार व दो बेटियां है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह का कहना है कि भग्गन ने फांसी क्यों लगाई? परिजन कुछ बता नहीं पा रहे है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की दर्दनाक मौत



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के जानकीपुर के पास अज्ञात बाइक सवार की ट्रैक्टर की टक्कर से मौत हो गई है सूचना पर पहुंची सिराथू चौकी पुलिस जांच में जुट गई है। घटनाक्रम के मुताबिक कड़ा धाम दारा नगर के पास केठैया गांव निवासी राजेश सोनकर पुत्र भदैया जो कि फल की फेरी करता है उसी सिलसिले में धाता से मोटरसाइकिल से अपने घर वापस जा रहा था सिराथू कस्बे के जानकी पुर के पास सड़क पर जा रहे अनियंत्रित खाली बालू ट्रैक्टर गाड़ी से टकरा गया जिसमे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ट्रैक्टर चालक शुकुल पुर धाता निवासी सूरज पुत्र गरीब दास ट्रैक्टर में बालू लाद कर सिराथू तहसील के भडेहरी गांव बालू गिराने आया था उसी ट्रैक्टर वाहन की चपेट में आ गया दुर्घटना से मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई सूचना पर मौके पर पहुंची सिराथू चौकी पुलिस ने ट्रैक्टर मय चालक हिरासत में लेकर शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गई है।मृतक युवक के 2 मासूम छोटे बच्चे एक 3 वर्ष एक बच्चा लगभग डेढ़ वर्ष रो रो कर बेहोश हो रहे हैं मौके पर परिजन पहुंच गए हैं युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

### गोवंश लदी बोलेरो पिकअप ने ऑटो को मारी टक्कर ऑटो सवार आधा दर्जन लोग घायल



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली के नजदीक नई तहसील के पास पालतू गोवंश लदी बोलेरो पिकअप ने ऑटो में टक्कर मार दी,हादसे में ऑटो सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए,मौके पर पहुंचे राहगीरों ने सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया,घटना के बाद भाग रहे पिकअप ड्राइवर को राहगीरों ने पकड़ लिया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी चालक को हिरासत में लिया और कार्यवाई में जुट गई।घटना सैनी कोतवाली के सिराथू तहसील के पास की है जहा सैनी से फतेहपुर जिला बिंदकी खजुहा निवासी रफीक पुत्र अब्दुल रसीद,चांदनी पत्नी रफीक बच्ची आहेद फातमा मंझनपुर निवासी नाजिम पत्नी लाल मियां,चायल के अन्नापुर निवासी कंचन सिंह पुत्र स्व . रोशन लाल आटो में बैठकर सिराथू कस्बे से होकर कही जा रहे थे। तहसील गेट के समीप आटो पहुंची तभी सामने से आई पिकप गाड़ी ने तेज रफ्तार से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि आटो बुरी तरह छतिग्रस्त हो गई। आटो में बैठी सवारियां सड़क पर गिर पड़ी।जिससे उन्हें चोट आ गई राहगीरों ने घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है ।पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

# प्रभारी मंत्री ने पासी, पासवान स्वाभिमान सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में किया प्रतिभाग

## सांसद ने प्रभारी मंत्री को निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का नाम महाशय मसुरिया दीन पासी सोनेलाल पटेल मेडिकल कॉलेज रखे जाने का ज्ञापन सौंपा





**कौशाम्बी।** जनपद के प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री कारागार,उ0प्र0 सुरेश राही ने आज दंगल मैदान पूरब-पश्चिम शरीरा में आयोजित पासी, पासवान स्वाभिमान सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया प्रभारी मंत्री को सांसद ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपकर जनपद कौशाम्बी की निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज का नाम महाशय मसुरिया दीन पासी एवं सोनेलाल पटेल के संयुक्त नाम-महाशय मसुरिया दीन पासी सोनेलाल पटेल मेडिकल कॉलेज रखें जाने की मॉग की। प्रभारी मंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार अनेक जनकल्याण कारी योजनायें संचालित कर गरीबों एवं महिलाओं के कल्याण के लिए कार्य कर रहीं हैं। गरीबों को आवास, निःशुल्क विद्युत एवं गैस कनेक्शन एवं नल से जल पहुँचाने का कार्य किया जा रहा है। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए स्मार्ट क्लॉस बनाये जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी की सरकार एवं प्रदेश की योगी की सरकार देश एवं समाज के लिए अच्छा कार्य करने वाले महापुरूषों को ढूंढ़कर, जो इतिहास के पन्नों में खो गये थे, उन्हें गौरवान्वित करने का कार्य कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर एवं महॉत्मा गॉधी जी सहित आदि महापुरूषों के विचारों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहीं हैं। उन्होंने लोगों से आवाह्न किया कि अपने बच्चों को पढ़ायें एवं कुरीतियों से दूर रहें। सांसद विनोद कुमार सोनकर ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के सपनों का भारत निर्माण हो रहा हैं। सर्व समाज के कल्याण के लिए कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि उज्वला योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक निःशुल्क गैस कनेक्शन देने का कार्य किया गया है। महिलाओं के नाम से आवास देने का कार्य किया गया है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें हैं, जिससे लोगों को रू0-05 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा मिल रहीं है प्रधानमंत्री ने कोविड काल में 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन देने का कार्य किया, जिससे वे भूखें न सोयें। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। सांसद ने दंगल मैदान पूरब-पश्चिम शरीरा तथा चौराहा का नाम महाशय मसुरिया दीन पासी के नाम से किये जाने के लिए ई0ओ0 को प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दियें इस अवसर पर अध्यक्ष, जिला पंचायत श्रीमती कल्पना सोनकर, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद भरवारी श्रीमती कविता पासी एवं पूर्व विधायक शीतला प्रसाद उर्फ पप्पू पटेल सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहें।

### जी के स्कूल के बच्चों ने एनुअल फंक्शन के दौरान सुंदर प्रस्तुतियों से मोहा मन



**अझुवा कौशांबी।** नगर पंचायत सिराथू में जीके कानवेंट स्कूल की 7वीं वर्षगांठ पर विद्यालय प्रबंधक द्वारा एनुअल फंक्शन का आयोजन कराया गया जहां विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने सुंदर गीतों द्वारा कार्यक्रम में आए लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रबंधक मोहम्मद अरमान द्वारा पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया। बता दें कि के 7 वर्षों से सिराथू कस्बे में संचालित ग कन्वेंट स्कूल की वर्षगांठ पर एनुअल फंक्शन का आयोजन कराया गया इस दौरान विद्यालय प्रबंधक मोहम्मद अरमान ने बताया कि सोशल मीडिया के दौर में अभिभावकों द्वारा बच्चों को समय न दिया जाने के कारण बच्चों द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें फहद नीरज शुभम साक्षी भूमि हुआ अन्य बच्चों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत के अध्यक्ष भोला यादव व सिराथू विधायक प्रतिनिधि कमलेश पटेल के साथ-साथ संयारा प्रधान सलाउद्दीन अहमद व नगियामई प्रधान परवेज अहमद मौजूद रहे।

### धरने पर बैठ गए नगर पालिका मंझनपुर के कर्मचारी

#### ठेकेदार द्वारा कर्मचारी से अभद्रता करने से है नाराज



**कौशाम्बी।** जिले के नगर पालिका मंझनपुर में एक कर्मचारी के साथ दबंग ठेकेदार ने अभद्रता किया, जिससे नाराज होकर नगर पालिका के सभी कर्मचारी नगर पालिका कार्यालय के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए हैं और मांग कर रहे हैं कि कर्मचारी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तारी किया जाए। जानकारों का कहना है कि अगर कर्मचारी इसी प्रकार धरने पर बैठे रहे तो पानी सहित तमाम समस्याओं का सामना लोगों को करना पड़ सकता है। कर्मचारी के धरना को समाप्त करने के लिए कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे।वही अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी कर्मचारियों को मनाने में जुटे हुए है।

### थाना समाधान दिवस में पहुच होलिका दहन स्थल का विवाद



**संदीपनघाट कौशाम्बी** थाना समाधान दिवस पर संदीपन घाट थाना में नायब तहसीलदार और सीओ चायल ने फरियादियों की फरियाद सुनी ज्यादा तर जमीनी विवाद की शिकायते आई। एक बड़ा सार्वजनिक विवाद पैगम्बरपुर गांव का आया यह मामला होलिका दहन स्थान को लेकर था । जिसको लेकर गांव के तमाम लोग पहुंचे और इस समस्या के समाधान के लिए नायब तहसीलदार सौरभ सिंह और चायल सीओ द्वारा थाना प्रभारी भुवनेश चौबे को सामंजस्य बनाकर राजस्व टीम के साथ पहुंचकर मौके पर समाधान हेतु आदेशित किया गया जिसके तत्पश्चात राजस्व टीम और पुलिस ने मौके पर पहुंच कर इसका समाधान किया है अभी होलिका दहन स्थल के लिए जगह निर्धारित करने की बात कही जा रही है।

# भूमाफियाओं को एसओ ने लगाई जमकर फटकार गलत करने पर होगी कार्यवाही

## ग्रामीणों को धमकी व अपनी गुंडई से डरा कर गलत तरीके से मन्दिर की जमीन बता कर कब्जा करने का प्रयास, राजस्व विभाग व पुलिस की टीम मौके पर पहुंच कर भूमाफिया को कब्जा करने से रोका



**कोखराज कौशांबी।** चायल तहसील के संदीपनघाट थाना के अन्तर्गत जलीलपुर ग्राम पंचायत के हरिजन बस्ती के पास छोटा सा तालाब है जिसमें काफी ग्रामीणों का बारिश का पानी का जल निकासी है ग्राम के ही कुछ भूमाफियाओं की नजर शारदा माता मंदिर व धर्मशाला की जमीन व पास की आंगनबाड़ी जमीन पर पड़ी भूमाफिया कब्जा की बदनीयती के चलते पैदा हुआ विवाद बगल में बन रहे रास्ते व खाली पडीं प्रस्तावित आंगनबाड़ी की जमीन पर भू माफियाओं की नजर लग गई मंदिर व आंगनबाड़ी के बीच पूर्व प्रधान के द्वारा आबादी की जमीन में रास्ते की जमीन जो अब वर्तमान प्रधान द्वारा प्रस्तावित रास्ते को निर्माण शुरू कर दिया जिस पर ग्राम के दबंग भूमाफिया बनाने पर रोक लगा रहे उनकी नजर रास्ते के उस पार आंगनबाड़ी की 5 विस्वा जमीन प्रस्तावित में अवरोध व कब्जा करने की है विवाद की शिकायत प्रधान द्वारा प्रस्तावित रास्ता बनाने पर भू -माफियाओं के रोकने पर जिलाधिकारी से शिकायत करने पर राजस्व टीम व संदीपन घाट थाना प्रभारी भूनेश चौबे के नेतृत्व में जांच कर ग्रामीणों के सामने दबंग भूमाफिया को फटकार लगाते हुए कहा कि यदि कब्जा की नीयत से ग्रामीणों को परेशान किया तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी वही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि फिलहाल सही तरीके से स्पष्ट नाप तक विकास कार्य रोकने व पूर्व प्रधान द्वारा आबादी पटटे की जमीन पर बने मंदिर व रास्ते,आंगनबाड़ी की खाली पड़ी जमीन पर कोई भी निर्माण अभी न किया जाए जिस पर नायब तहसीलदार व लेखपाल द्वारा रोक लगाई गयी है और जल्द ही टीम द्वारा जमीन की पैमाइश के बाद ही निर्माण की अनुमति दी जाएगी दोनों पक्षों को मंदिर कब्जा व प्रधान प्रतिनिधि से शांति व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया गया है।

### संत शिरोमणी थे संत रविदास : अजय सोनी

#### सकिपा ने मिठाई बांटकर मनाई संत रविदास जयंती



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में शनिवार 24 जनवरी को सिराथू ब्लॉक के ग्राम कैमा के पुरवा में संत शिरोमणि संत रविदास जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर तमाम ग्रामीण और स्थानीय गांव के लोग मौजूद रहे। शनिवार को सिराथू ब्लॉक के ग्राम कैमा के पुरवा में समर्थ किसान पार्टी के कार्यकताओं ने संत शिरोमणि संत रविदास जी की जयंती मनाई। इस अवसर पर संत रविदास जी की प्रतिमा पर पार्टी के दर्जनों महिला और पुरुष कार्यकताओं ने माल्यार्पण और पुष्प चढ़ाकर उन्हे नमन किया। साथ ही संत रविदास अमर रहे अमर रहे के जयकारे लगाए और मिठाई बांटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर पार्टी के कई कार्यकर्ताओं ने संत रविदास जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इसी के साथ पार्टी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कहा कि संत रविदास सच्चे अर्थों में संत थे। वो सदगुरु थे। सही मायने में संत रविदास संत शिरोमणि थे। उनकी सिद्ध शक्तियां लोगों को अचरज में डाल देती थी। लोग आज भी यह कहावत कहते हैं कि "मन चंगा तो कटौती में गंगा"। आगे कहा कि उन्होने सारा जीवन लोगों के कल्याण और भलाई में लगाया। समर्थ किसान पार्टी ऐसे महान संत को कोटि कोटि नमन करती है। इस अवसर पर नाथूराम गौतम, राम प्रसाद गौतम, मोती लाल गौतम, रंजीत सरोज, श्रीचंद्र सेन, रामबाबू लोधी, आदित्य तिवारी, डॉ राजेश पटेल, सावन देवी, पूजा देवी, राम दुलारी आदि मौजूद रहे।

## संपादक की कलम से

### सामाजिक न्याय की राजनीति के नए प्रतीक बने राहुल

सामाजिक न्याय के विमर्श को कांशीराम ने उत्तर प्रदेश की जमीन पर साकार करके दिखाया। बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों के जरिए कांशीराम ने वंचितों को संविधान और वोट की ताकत का अहसास कराया। दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को एकजुट करके उन्होंने बहुजन राजनीति को मजबूत किया। दलितों वंचितों में सम्मान और स्वाभिमान की चेतना पैदा करके कांशीराम ने सत्ता और संसाधनों पर समाज की दावेदारी मजबूत की।

1994 में रिलीज हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म 'क्रांतिवीर' में नाना पाटेकर का एक डायलॉग बड़ा मशहूर हुआ था। पत्रकार का किरदार निभाने वाली डिम्पल कपाड़िया की तरफ इशारा करते हुए नाना पाटेकर भीड़ को संबोधित करते हैं। 'ये कलम वाली बाई क्रांति करने चली थी। क्रांति कैसे होगी? यहां सब बुजदिल हैं , मुर्दे हैं।' भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी यूपी पहुंचकर नाना पाटेकर के क्रांतिवीर की भाषा में संवाद कर रहे हैं। बनारस से इलाहाबाद होते हुए सामन्तवाद के गढ़ प्रतापगढ़ पहुंचे राहुल गांधी दलित-ओबीसी मुद्दों पर जमकर बरसे। संभवतया पहली बार राहुल गांधी ने दलितों और पिछड़ों को अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए ललकारा। भारत जोड़ो यात्रा से लेकर न्याय यात्रा में बिहार झारखंड तक राहुल गांधी भाजपा और आरएसएस की नफरत और हिंसा पर आधारित विभाजनकारी राजनीति को कठघरे में खड़ा करके दलित, आदिवासी और पिछड़ों के सवालों को संयमित भाषा में उठाते रहे हैं। एक राजनीतिक व्यक्तित्व से बढ़कर राहुल गांधी एक शिक्षक की तरह आंकड़ों के जरिए वंचित समुदायों को समझाते रहे कि नरेंद्र मोदी किस तरह दलितों पिछड़ों और आदिवासियों के संसाधनों को छीनकर अपने पूंजीपति मित्रों की तिजोरियां भर रहे हैं।

राहुल गांधी पूछते रहे कि देश की संपदा और संसाधनों में इन तबकों की हिस्सेदारी कितनी है? लेकिन जब राहुल गांधी यूपी पहुंचे तो उन्होंने दलित ओबीसी और आदिवासियों को ललकारते हुए कहा कि तुम सोये हुए हो। तुममें दम नहीं है। दरअसल, ये अम्बेडकर और कांशीराम की भाषा है। उनका कहना था कि अधिकार मांगने से नहीं मिलते, छीनने पड़ते हैं। बुजदिली और कायरता से अधिकार नहीं मिलेंगे। इसके लिए मजबूती के साथ खड़ा होना होगा। लड़ना होगा। संघर्ष करना होगा। ऐसे में सवाल उठता है कि यूपी आकर राहुल गांधी एंग्री यंगमैन क्यों बन गए? राहुल गांधी में ये बदलाव कैसे आया?

14 जनवरी को मणिपुर से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए राहुल गांधी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक अन्याय के खिलाफ लोगों से अनवरत संवाद कर रहे हैं। मणिपुर में कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हुई भयानक जातीय हिंसा से उपजे विभाजन को रोकने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोई सार्थक प्रयास नहीं किया। जबकि राहुल गांधी हिंसा के दरम्यान मणिपुर पहुंचे थे। मणिपुर के लोगों को सौहार्द्र और न्याय का संदेश देने के लिए राहुल गांधी ने वहीं से अपनी न्याय यात्रा शुरू की। दलितों और आदिवासियों पर होने वाली अन्याय और प्रताड़ना की घटनाओं में पिछले दशक में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आदिवासियों के जंगल और जमीन के अधिकारों को छीना जा रहा है। राहुल गांधी इस अन्याय के खिलाफ लगातार खड़े हैं। वे राष्ट्रीय संसाधनों में वंचित तबकों की समान हिस्सेदारी की बात कर रहे हैं। इसके समानांतर भाजपा नेताओं द्वारा राहुल गांधी को अपमानित करने और न्याय यात्रा को बाधित करने के प्रयास भी निरंतर हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा क्षेत्र बनारस में काशी विश्वनाथ मंदिर से निकलकर गोदौलिया में राहुल गांधी ने जहां भाषण दिया था, उस स्थान को भाजपाइयों ने 51 लीटर गंगाजल से धोया। दरअसल, ये वर्णवादी और मनुवादी मानसिकता है, जिसके शिकार सदियों से दलित और पिछड़े रहे हैं। राहुल गांधी के साथ इस तरह का व्यवहार करना, एक नई परंपरा की शुरूआत है। नरेंद्र मोदी और भाजपा के हिंदुत्व से जो असहमत हैं उसके खिलाफ अपमान और घृणा का व्यवहार, भारत की वर्चस्वशाली परंपरा का नया हथियार है। जाहिर तौर पर राहुल गांधी ने अब इस दर्द को ज्यादा अंतरतम से महसूस किया होगा। राहुल गांधी सिर्फ राजनीतिक सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं बल्कि किसी भी तरह की शोषणकारी सत्ता को बदलने के लिए बेताब दिखते हैं। सामाजिक न्याय के विमर्श को कांशीराम ने उत्तर प्रदेश की जमीन पर साकार करके दिखाया। बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों के जरिए कांशीराम ने वंचितों को संविधान और वोट की ताकत का अहसास कराया। दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को एकजुट करके उन्होंने बहुजन राजनीति को मजबूत किया। दलितों वंचितों में सम्मान और स्वाभिमान की चेतना पैदा करके कांशीराम ने सत्ता और संसाधनों पर समाज की दावेदारी मजबूत की। परिणामस्वरूप यूपी में चार बार बीएसपी की सरकार बनी। लेकिन इसी के समानांतर राम मंदिर आंदोलन के जरिए हिंदुत्व की राजनीति अपना प्रभाव जमा रही थी। बहुजन राजनीति इस खतरे को भांपने में असफल हुई। इसका नतीजा यह हुआ कि 2014 और 2019 के लोकसभा तथा 2017 और 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को यूपी में बड़ी सफलता मिली। जिस जमीन को अंबेडकर के विचारों के जरिए कांशीराम ने सामाजिक राजनीतिक बदलाव के लिए उर्वर बनाया था, उस पर हिंदुत्व के जरिए सामंतवाद और ब्राह्मणवाद के पुनरुत्थान की परत जमने लगी। राहुल गांधी ने सामंतवाद के गढ़ प्रतापगढ़ में दलितों पिछड़ों को याद दिलाया कि विश्वविद्यालयों से लेकर मीडिया तक और बड़े पूंजीवादी कंपनियों से लेकर उच्च न्यायालयों में उनकी भागीदारी नगण्य है।ओबीसी दलित और आदिवासियों की अनुमानित आबादी 73 फीसदी है लेकिन देश को चलाने वाले 90 सचिव स्तर के अधिकारियों में केवल 7 इन तबकों से आते हैं। इनको भी सबसे कमजोर मंत्रालयों में जगह दी गई है। राहुल गांधी ने इन समुदायों को ललकारते हुए कहा, कि तुम सोए हुए हो। तुममें दम नहीं है। तुम बब्बर शेर हो। अपनी ताकत को पहचानो। अन्याय से मुक्ति और अधिकारों की शक्ति हासिल करने के लिए तुम्हें खुद इस बर्बर सत्ता का मुकाबला करना होगा। आजादी के आंदोलन के दरम्यान लगभग गुलामी का जीवन जी रहे दलितों का आह्वान करते हुए डॉ अंबेडकर ने कहा था, शिकार बकरी का होता है, शेर का नहीं।

### समृद्धि के शिखर एवं गरीबी के गड्ढ़े वाली दुनिया

**ललित गर्ग**

वैश्विक संस्था ऑक्सफैम ने अपनी आर्थिक असमानता रिपोर्ट में समृद्धि के नाम पर पनप रहे नये नजरिया, विसंगतिपूर्ण आर्थिक संरचना एवं अमीरी गरीबी के बीच बढ़ते फासले की तथ्यपरक प्रभावी प्रस्तुति समय-समय पर देते हुए इसे संतुलित एवं समानतामय संसार-संरचना के लिये घातक बताया है। संभवतः यह एक बड़ी क्रांति एवं विद्रोह का कारण भी बन सकता है। ऑक्सफैम के अनुसार आर्थिक असमानता के लिहाज से पिछले कुछ साल काफी खराब साबित हुए हैं। आज देश एवं दुनिया की समृद्धि कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गयी है, भारत में भी ऐसी तस्वीर दुनिया की तुलना में अधिक तीव्रता से देखने को मिल रही है। भारत में भी भले ही गरीबी कम हो रही हो, लेकिन अमीरी कुछ लोगों तक केन्द्रित हो गयी है। बीते चार सालों की घटनाएं, इनमें चाहे कोरोना हो या युद्ध या इससे उपजी महंगाई, बेरोजगारी, अभाव इन सभी कारणों के चलते साल 2020 के बाद दुनियाभर में करीब 5 अरब लोग गरीब हुए हैं। दूसरी ओर इसी रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के पांच शीर्ष धनाढ्यों की दौलत पिछले चार साल में 869 अरब डॉलर बढ़ी है। क्या यह आश्चर्य का विषय नहीं कि विकसित दुनिया की दौड़ में कुछेक लोग सबसे आगे दौड़ रहे हैं और बड़ी संख्या में गरीब दहलीज पर खड़े हैं? वो लोग जो अमीरी के शीर्ष पर हैं, वे वर्चुअल दुनिया और एक ग्लोबल बाजार के मालिक हैं। ऐसे लोगों के सामने आम आदमी की गरीबी दूर करने का नहीं, बल्कि अपनी समृद्धि बढ़ाने का लक्ष्य है। यह ऐसी दौड है जो असंतुलन को न्यौतती हैं, दुःख, अभाव एवं असंतोष बढ़ाती है।

भारत में अंबानी एवं अडाणी छोटे व्यापारियों के निवाले छीन रहे हैं तो दुनिया के सबसे अमीर शख्सों में शुमार एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने इंसान के दिमाग में कृत्रिम चिप का प्रत्यारोपण बाजारवादी नीतियों का हिस्सा एवं ईश्वर की रची मानव-संरचना में बेहूदा हस्तक्षेप है। संवेदनशील मस्तिष्क में चिप लगाने के क्रम में इंसान के रोबट बन जाने की आशंकाएं भी निर्मूल नहीं हैं। ध्यान रहे कि इस प्रत्यारोपण का लक्ष्य मानव-कल्याण कदापि नहीं है। जाहिर है मस्तिष्क में चिप लगाने का प्रयोग उनके बाजार के गणित का ही हिस्सा है। वही मस्क जिन्होंने ट्विटर खरीदने और उसे एक्स में तब्दील करने के क्रम में कर्मचारियों की निर्ममता से छंटनी की थी। वही मस्क जो विश्व के अरबपतियों को अंतरिक्ष में सैर-सपाटा कराने के अलावा दुनिया के तमाम बड़े मुनाफे के कारोबार में लगे हुए हैं। यह सवाल मानवीय बिरादरी के लिये हमेशा मंथन का विषय रहेगा कि विज्ञान की खोज एवं कुछेक लोगों तक केन्द्रित होती समृद्धि मानवता की संहारक नहीं बन रही है? जनता में आक्रोश एवं विद्रोह का बड़ा कारण नहीं बन रही है? भारतीय लोग इनदिनों इस बात से बहुत खुश होते रहते हैं कि भारत शीघ्र ही दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। लेकिन दुनिया के इस तीसरे सबसे बड़े मालदार एवं समृद्ध देश की असली हालत क्या है? ऑक्सफॉम के ताजा आंकड़ों के मुताबिक सिर्फ 100 भारतीय अरबपतियों की संपत्ति 54.12 लाख करोड़ रु. है यानि उनके पास इतना पैसा है कि वह भारत सरकार के डेढ़ साल के बजट से भी ज्यादा है। गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को अपनी रोजमर्रा के जरूरी चीजों को खरीदने पर बहुत ज्यादा टैक्स भरना पड़ता है, क्योंकि वर्तमान सरकार ने ऐसी व्यवस्था कर दी है कि वह बताए बिना ही चुपचाप काट लिया जाता है।

# लोकतंत्र के आगे बैरिकेड्स




देश आम चुनाव के मुहाने पर खड़ा है। निर्वाचन आयोग चुनाव की तारीखों के ऐलान से पहले की तैयारियों में जुटा है। देश में कितने मतदाता हैं, पिछली बार से इस बार कितने नए मतदाता जुड़े, युवा मतदाताओं की संख्या कितनी है, ऐसे तमाम आंकड़े आने शुरू हो चुके हैं। सर्वेक्षण एजेंसियां किस्म-किस्म के सर्वे कराने में जुट चुकी हैं। आज चुनाव हुए तो कौन जीतेगा, मोदी या राहुल किसका चेहरा मतदाताओं की पहली पसंद है, एनडीए और इंडिया गठबंधन में किसका पलड़ा भारी है, राम मंदिर उद्घाटन का फायदा भाजपा को होगा या नहीं, किसान आंदोलन का कितना असर चुनावों पर पड़ेगा, ऐसे कई सवालों के इर्द-गिर्द सर्वे हो रहे हैं और उनके नतीजों के आधार पर देश की भावी सरकार बनाई जा रही है। इन सवालों में एक सवाल और पूछा जाना चाहिए कि क्या इन चुनावों में या इन चुनावों के बाद लोकतंत्र के बचने की कितनी उम्मीदें बाकी रह जाएंगी। क्योंकि फिलहाल देश का जो माहौल है, उसमें लोकतंत्र के आगे बैरिकेड्स लगाए जा चुके हैं। बैरिकेड्स के एक ओर लोकतंत्र और दूसरी ओर सरकार दिखाई दे रही है।

13 फरवरी से दिल्ली कूच के लिए निकले किसानों को भाजपा सरकार ने जोर-जबरदस्ती से हरियाणा-पंजाब की सीमा पर ही रोका हुआ है। किसान सरकार को उसके वादों की याद दिलाते हुए ही फिर से आंदोलन कर रहे हैं। उनकी मांगें वहीं हैं, जो तीन साल पहले के किसान आंदोलन में थीं। तब केंद्र सरकार ने साल भर चले उनके आंदोलन को खत्म कराने के लिए उनसे वादे किए थे कि एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाएगी, लखीमपुर खीरी में मारे गए किसानों के साथ इंसाफ होगा, इसी तरह के कुछ और वादे भी थे, जो तीन साल में पूरे नहीं हुए तो अब किसान आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन मोदी सरकार फिर से किसानों से वाताएं कर रही हैं। बातचीत से समस्या का हल निकालना बिल्कुल सही है, लेकिन इसमें नीयत भी सही होनी चाहिए। अपने ही वादों को पूरा करने के लिए आखिर सरकार कौन सी बैठकें कर रही हैं। जो फैसला लेना है, वो सरकार को लेना है, इसमें किसान तो इंतजार के सिवाए कुछ कर ही नहीं सकते। तीन साल तक किसानों ने इंतजार ही किया है, और सरकार चाहती है कि वो और इंतजार करते रहें।

शांतिपूर्ण तरीके से विरोध के अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए ही किसान पंजाब-हरियाणा से आगे बढ़ रहे थे, लेकिन उन पर लगातार आंसू गैस के गोले और छर्रे चलाए जा रहे हैं। पिछले किसान आंदोलन में भी सरकार ने ऐसी ही ज्यादतियां की थीं। तब साढ़े सात सौ से अधिक किसानों की मौत हो गई थी और इस बार फिर किसानों के शहीद होने का सिलसिला शुरू हो चुका है। कुछ दिन पहले एक प्रौढ़ किसान की आंदोलन के दौरान मौत हुई थी और बुधवार को 22 बरस के एक युवा किसान की मौत हो गई। किसानों का आरोप है कि हरियाणा पुलिस ने गोलियां चलाईं, जिनमें कुछ लोग घायल हुए, कुछ लापता हैं और एक युवा किसान की मौत हो गई है। शांति के साथ विरोध करने वालों पर ऐसा अत्याचार साफ बता रहा है कि लोकतंत्र का अध्याय देश में बंद कर नया पाठ शुरू करने की तैयारी हो चुकी है। किसानों को सरकार रामलीला मैदान आने से रोक रही है। वहीं दिल्ली में गुरुवार को जंतर-मंतर पर ईवीएम के विरोध में किए जा रहे प्रदर्शन को भी पुलिस ने रोक दिया। धारा 144 लगाकर लोगों को रोका गया और जब इस प्रदर्शन की शुरूआत युवा कांग्रेस मुख्यालय से करते हुए कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने जंतर-मंतर चलो का आह्वान किया तो पुलिस ने फिर प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर पहले से खड़ी बसों में ठूंस लिया। युवा कांग्रेस मुख्यालय के बाहर पहले से भारी पुलिस बल और बैरिकेडिंग का इंतजाम था। जाहिर है सरकार ईवीएम पर किसी आंदोलन को खड़े होने से पहले ही कुचल देना चाहती है। जबकि अपनी मांगों को लेकर आंदोलन खड़ा करना हर पार्टी और हर नागरिक का लोकतांत्रिक अधिकार है। विपक्ष का आ?ोप है कि ईवीएम में छेड़छाड़ संभव है, चुनावों में जीत के लिए भाजपा ऐसा कर चुकी है। निर्वाचन आयोग ईवीएम में गड़बड़ी की बात नहीं मानता। हालांकि भाजपा के लिए यही श्रेयस्कर होगा कि वह या तो विपक्ष की शंकाओं का समाधान करे या फिर मतपत्रों से चुनाव के लिए राजी हो। तभी लोकतांत्रिक और निष्पक्ष चुनाव के उसके दावे सही होंगे। फिलहाल तो यही दिख रहा है कि भाजपा लोकतंत्र की कसौटी पर खरे उतरने की कोई फिक्र नहीं कर रही है, उसे केवल 4 सौ पार की सीटों की फिक्र है।

भाजपा पर यह आरोप भी विपक्ष का है कि वह जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करती है। गुरुवार सुबह ही खबर आई कि जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक से जुड़े कम से कम 30 ठिकानों पर सीबीआई ने छापे मारे हैं। ये छापे जम्मू और कश्मीर में किरू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट कॉन्ट्रैक्ट से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामले में की जा रही है। यहां याद रखना जरूरी है कि सत्यपाल मलिक किसानों के मुद्दे से लेकर पुलवामा हमले तक कई मुद्दों पर मौजूदा सरकार की आलोचना कर चुके हैं। ऐसे में यही माना जा रहा है कि श्री मलिक पर सीबीआई की ताजा कार्रवाई उनके सरकार विरोधी रवैये पर हो रही है। क्योंकि जिन लोगों पर सत्यपाल मलिक ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, उन्हें रिश्वत की पेशकश में जिन का नाम लिया था, उन लोगों पर क्या कार्रवाई हुई, यह अब तक पता नहीं चला है। एक खास बात यह भी है कि किसान आंदोलन में युवा किसान की मौत से मोदी सरकार जब बुरी तरह घिर गई थी और सरकार विरोधी माहौल बनना तेज हो गया था, उसी की अगली सुबह सत्यपाल मलिक पर हुई कार्रवाई से एक बार फिर जनता का ध्यान हटाने की कोशिश की गई।

कुल मिलाकर देश की मौजूदा तस्वीर में लोकतंत्र बेहद धुंधला नजर आ रहा है। चुनाव से पहले इस धुंधलेपन को साफ करना जरूरी है। बैरिकेड्स के आर-पार लोकतंत्र की इस लड़ाई में जो जीतेगा, उससे ही देश का भविष्य तय होगा।

## गजा में नरसंहार खत्म होने की सारी उम्मीदें खत्म

**- सात्यकी चक्रवर्ती**



गजा युद्ध में इजरायल का समर्थन करने वाले वर्तमान अमेरिका के करीबी सहयोगी ब्रिटेन ने भी मतदान में भाग नहीं लिया, लेकिन सुरक्षा परिषद के शेष 13 सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जो आसपास के देशों के मजबूत समर्थन को दर्शाता है। युद्ध समाप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का समर्थन करने वाले देशों में नाटो का एक प्रमुख सदस्य फ्रांस भी शामिल था। गजा पट्टी में इजरायली रक्षा बलों के युद्ध अपराधों को लगातार समर्थन देने के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका को अंततः अपने समर्थक देशों से बड़े अलगाव का सामना करना पड़ रहा है। बाइडेन सरकार को मंगलवार रात अंतरराष्ट्रीय निंदा का सामना करना पड़ा जब उसके प्रतिनिधि ने गजा में तत्काल मानवीय युद्धविराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को वीटो कर दिया।

महत्वपूर्ण बात यह थी कि गजा युद्ध में इजरायल का समर्थन करने वाले वर्तमान अमेरिका के करीबी सहयोगी ब्रिटेन ने भी मतदान में भाग नहीं लिया, लेकिन सुरक्षा परिषद के शेष 13 सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जो आसपास के देशों के मजबूत समर्थन को दर्शाता है। युद्ध समाप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का समर्थन करने वाले देशों में नाटो का एक प्रमुख सदस्य फ्रांस भी शामिल था।

हमास आतंकवादियों और इजरायल के बीच युद्ध पिछले साल 7 अक्टूबर को शुरू हुआ था जब हमास ने इजरायली ठिकानों पर अचानक हमला कर दिया था और अनेक इजरायली सैनिकों को मार डाला था और बंधक बना लिया था। इजरायल ने जवाबी कार्रवाई की। उस समय कई देशों ने हमास की कार्रवाई की निंदा की, लेकिन इजरायल ने गाजा पट्टी में नागरिकों की बर्बर हत्या जारी रखी और घोषणा की कि जब तक हमास का एक भी आतंकवादी जीवित रहेगा, वे युद्ध नहीं रोकेंगे। इसका पूरा उद्देश्य फिलिस्तीनियों को गाजा पट्टी से खदेड़कर जातीय सफाया करना है।

गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 7अक्टूबर के बाद से, पिछले साढ़े चार महीनों में, इजरायल के सैन्य हमले में 29,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गये हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। अब तक 1300 से अधिक इजरायली सैनिक मारे गये हैं। अंतर यह है कि जहां हमास के आतंकवादियों ने ज्यादातर इजरायली सैनिकों को मार डाला, वहीं इजरायलियों ने महिलाओं और बच्चों सहित फिलिस्तीनी नागरिकों को निशाना बनाया। इससे पहले भी अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर वीटो किया था लेकिन इस बार संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के पक्ष में व्यापक समर्थन मिला।

चीन के संयुक्त राष्ट्रदूत झांग जून ने वाशिंगटन के वीटो पर 'गंभीर निराशा और असंतोष' व्यक्त किया। दूत ने कहा कि अमेरिकी वीटो से गाजा में स्थिति और खतरनाक होने का गलत संदेश जाता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा युद्धविराम पर आपत्ति कुछ और नहीं बल्कि इजरायल को नरसंहार जारी रखने की हरी झंडी है।

क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएलडियाज-कैनेलबरमूडेज ने भी अमेरिका पर हमला बोलते हुए कहा कि युद्धविराम के आह्वान को रोककर, अमेरिकी अधिकारियों ने खुद को 'फिलिस्तीन के खिलाफ इजरायल के इस नरसंहार में भागीदार' बना दिया।

फ्रांस, नॉर्वे, रूस, कतर, सऊदी अरब और फिलिस्तीनी प्राधिकरण सहित अन्य लोगों ने अमेरिकी वीटो की आलोचना की। यह गाजा में युद्धविराम की मांग करने वाले सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को अमेरिका द्वारा खारिज करने की तीसरी घटना थी। अमेरिकी राजदूत लिंडाथॉमस-ग्रीनफील्ड ने हालांकि दावा किया कि अल्जीरिया द्वारा पेश किया गया प्रस्ताव, बंधक समझौते पर संवेदनशील वार्ता पर 'नकारात्मक प्रभाव' डालेगा और लड़ाई में कम से कम छह सप्ताह के लिए रुकावट डालेगा।

पूरे गाजा में, इजरायल द्वारा हत्याओं का दौर जारी है, पिछले दो दिनों में कम से कम 67 फिलिस्तीनियों लोगों की जानें चली गई हैं। सहायता समूह डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने कहा कि इजरायली ऑपरेशन के दौरान गाजा पट्टी में उसके कर्मचारियों के आवास पर हमला होने से दो लोग मारे गये थे। वह एक ऐसा क्षेत्र है जहां फिलिस्तीनियों को आश्रय लेने के लिए कहा गया है।

विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने मंगलवार को उत्तरी गाजा में भोजन और सहायता वितरण को रोकने की घोषणा की, क्योंकि उसके ड्राइवरों को लॉरियों में इक्ा होने वाले हताश निवासियों की गोलीबारी और हिंसा का सामना करना पड़ा। संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि दो साल से कम उम्र के छह बच्चों में से एक गंभीर रूप से कुपोषित है और लोग भूख से संबंधित कारणों से मर रहे हैं। डब्ल्यूएफपी ने कहा, 'इन पिछले दो दिनों में, हमारी टीमों ने अभूतपूर्व स्तर की हताशा देखी।'

जबकि एक प्रमुख ब्रिक राष्ट्र दक्षिण अफ्रीका युद्ध अपराधों के लिए इजरायल को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में ले गया है, जिसने इजरायली हत्याओं की कड़ी निंदा की है और इसे रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह किया है। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइजइनासियो 'लूला' दासिल्वा ने अपने देश के राजदूत को वापस बुला लिया है। इसके बाद इजरायल ने कहा कि लूला का उनके देश में तब तक स्वागत नहीं किया जायेगा जब तक कि वह साप्ताहांत में की गई अपनी उस टिप्पणी के लिए माफी नहीं मांग लेते, जिसमें गाजा में फिलिस्तीनियों पर इजरायल के हमले की तुलना नरसंहार से की गई थी। इजरायल के विदेश मंत्री इजरायल काट्ज ने लूला की टिप्पणियों को 'बहुत गंभीर यहूदी-विरोधी हमला' बताया।

ब्राजील के राष्ट्रपति ने रविवार को इथियोपिया के अदीसअबाबा में अफ्रीकी संघ शिखर सम्मेलन में कहा कि 'गाजा पट्टी और फिलिस्तीनी लोगों के साथ जो हो रहा है वह इतिहास में किसी अन्य क्षण में नहीं देखा गया।'

अजीब बात है कि जबकि अधिकांश प्रमुख ब्रिक देश गाजा पट्टी में नरसंहार के लिए इजरायल पर हमला कर रहे हैं, भारत अभी भी इजरायल के प्रति मैत्रीपूर्ण रवैया अपना रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मित्रता है जिसका वह दिखावा भी करते हैं। फिलहाल इजरायल अपनी संबंधित गतिविधियों में भर्ती के लिए भारतीय बेरोजगार युवाओं की भर्ती कर रहा है। इजरायल में युद्ध संबंधी इन नौकरियों के लिए कई हजारों लोगों ने आवेदन किया है। भारत सरकार इजरायली युद्ध मशीन की मदद के लिए भारतीय युवाओं को नौकरी करने की अनुमति दे रही है।

## चिंताजनक है संघ-राज्य संबंधों में तनाव

**- लेखा रत्नानी**

केंद्र-राज्य संबंधों और कर हस्तांतरण के जटिल मुद्दे ने राज्य व देश की बेहतरी के एजेंडे को आगे बढ़ाने के बजाय एक बदसूरत रस्साकशी में बदल दिया है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में बहस की स्थिति चाहे जो भी हो, राज्यों की आर्थिक स्थिति को इस हद तक कमजोर किए जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती कि उनके निर्वाचित प्रमुखों को दिल्ली में विरोध मार्च निकालने पड़ें। ये ऐसे हालात हैं जो टूटने के करीब है और यह कोई अच्छी बात नहीं है।

तनाव और मतभेदों का एक सिलसिला देश के धैर्य की परीक्षा ले रहा है। कुछ तनाव और मतभेद सड़कों पर विरोध प्रदर्शन के रूप में सामने आते हैं, जैसे किसानों का पहले और अब चल रहा आंदोलन। फिर भी इसके पहले कभी भी राज्यों के निर्वाचित मुख्यमंत्रियों ने अपनी बात रखने के लिए सड़क पर विरोध प्रदर्शन का रास्ता नहीं अपनाया। इस प्रकार की चरम कार्रवाइयां देश को बनाने वाले आंतरिक ताने-बाने के कमजोर होने की ओर इशारा करती हैं जो विश्व मंच पर एक पुनरुत्थानशील भारत की कहानी के विपरीत है। आखिर आंतरिक असंतुलन बाहरी लचीलापन कैसे पैदा कर सकता है? इस फ्रेम में, केंद्र सरकार तथा विपक्ष शासित राज्य सरकारों के बीच तनाव को विशेष महत्व दिया गया है।

किसानों के अलावा फरवरी में दो राज्यों- केरल और कर्नाटक के मुख्यमंत्रियों ने अपने मंत्रिमंडल और सांसदों के साथ दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया और बताया कि वे संघीय धन के वितरण में भेदभाव के रूप में क्या देखते हैं। केरल ने धन आबंटन की अपनी मांग के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और नई दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट सरकार के कैबिनेट मंत्रियों, विधायकों और सांसदों के नेतृत्व में दिल्ली के जंतर-मंतर पर 'केंद्र द्वारा वित्तीय अन्याय व देश के संघीय ढांचे में गिरावट' के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने एलडीएफ के 8 फरवरी के विरोध दिवस को भारत के इतिहास में एक 'रेड लेटर' दिन बताया। उसी दिन सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल धन जारी करने के केरल सरकार के अंतरिम आवेदन पर केंद्र सरकार को अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा। केंद्र ने तर्क दिया है कि केरल के 'वित्तीय कुप्रबंधन' के लिए उसे दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

केरल के मुख्यमंत्री विजयन और उनके मंत्रिमंडल के ऐसा करने से एक दिन पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने धन के अनुचित आवंटन और कर बंटवारे में अन्याय की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए अपने मंत्रिमंडल व विधायकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया था। कर्नाटक का कहना है कि जीएसटी संग्रह में वह दूसरे स्थान पर है लेकिन जीएसटी कार्यान्वयन के कारण उसे लगभग 60,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उसे कर बंटवारे में 63,000 करोड़ रुपये से थोड़ा कम नुकसान हुआ है। कर्नाटक और केरल ने कहा है कि उनका विरोध सभी राज्यों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा और उनके बकाये को सुरक्षित करने के लिए भी है।

कर्नाटक तथा केरल की बातों से तमिलनाडु सहमत है।

इस प्रकार केंद्र-राज्य संबंधों और कर हस्तांतरण के जटिल मुद्दे ने राज्य व देश की बेहतरी के एजेंडे को आगे बढ़ाने के बजाय एक बदसूरत रस्साकशी में बदल दिया है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में बहस की स्थिति चाहे जो भी हो, राज्यों की आर्थिक स्थिति को इस हद तक कमजोर किए जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती कि उनके निर्वाचित प्रमुखों को दिल्ली में विरोध मार्च निकालने पड़ें। ये ऐसे हालात हैं जो टूटने के करीब है और यह कोई अच्छी बात नहीं है।

केरल के मामले पर विचार करें तो उसे भारतीय रिजर्व बैंक ने शीर्ष पांच वित्तीय तनावग्रस्त राज्यों में रखा है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा राज्यों के राजकोषीय मानदंडों के अध्ययन में उच्च ऋण स्तरों और राजकोषीय घाटे के स्तरों के कारण बिहार, केरल, पश्चिम बंगाल, पंजाब और राजस्थान की पहचान अत्यधिक दबाव वाले राज्यों के रूप में की गई है। उच्च ऋ ण का अर्थ है कि राज्य अपने राजस्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा ऋ ण और ब्याज चुकाने में खर्च करता है। उदाहरण के लिए कई राज्य राजस्व प्राप्तियों का लगभग 10 प्रतिशत या उससे अधिक ब्याज भुगतान पर खर्च करते हैं। पश्चिम बंगाल तथा पंजाब ब्याज भुगतान पर 20 प्रतिशत से अधिक खर्च करते हैं। ऐसा क्यों है और इसे मध्यम और दीर्घकालिक अवधि में कैसे संबोधित किया जा सकता है, यह बहस एवं संवाद का विषय है लेकिन इसे आपसी वाद-विवाद में बदला नहीं जाना चाहिए।

उदाहरण के लिए केरल ने आईओयू (कर्ज के भुगतान की स्वीकारोक्ति) का पहाड़ खड़ा कर दिया है। एलडीएफ ने इस स्थिति के लिए केंद्र को दोषी ठहराते हुए आरोप लगाया है कि उनकी सरकार को राज्य के इतिहास में सबसे खराब वित्तीय संकट में धकेला जा रहा है। 2021-22 के पूर्वव्यापी प्रभाव से केरल की उधार सीमा को कम करने जैसे केंद्र सरकार के कदमों का जिक्र करते हुए एलडीएफ सरकार ने कहा है कि राज्य को 2016 और 2023 के बीच की अवधि के लिए 107513.09 करोड़ रुपये का संचयी नुकसान हुआ है।

# दौलत के आगे खनिज माफिया लोगों को समझता है भुनगा

## खनन माफिया के गुर्गों ने खन्ना आपरेटर पर किया जानलेवा हमला

### सपा-बसपा समेत भाजपा में हावी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चांदी घाट पर खनन माफियाओं का कहर जारी है। खनन माफिया शिवचन्द्र त्रिपाठी दौलत के बूते सपा-बसपा की भांति भाजपा का भी करीबी हो गया है। वह दौलत के चलते किसी को कुछ नहीं मानता। दौलत का नशा उस पर इस कदर सिर चढकर बोलता है कि उसे लोग भुनगा नजर आते हैं।

खनन माफिया ने मारपीट की ये घटना शुक्रवार को देर शाम



जानलेवा हमले का शिकार आपरेटर।

अंजाम दी। सरधुवा थाने में दी तहरीर में कौशाम्बी जिले के थाना सराय अकिल के गांव बसुहार के प्रभाकर मिश्रा पुत्र ज्ञानबाबू मिश्रा ने कहा कि उसका भाई दिवाकर मिश्रा सरधुवा थाने के बालू घाट शिवचन्द्र त्रिपाठी कंस्ट्रक्शन चांदी खादर राजापुर में खन्ना आपरेटर के पद पर काम करता है। खदान के मैनेजर प्रभात शुक्ला निवासी मऊ, अंकित उर्फ छोटू, राजा पुत्र शारदा निवासी चिल्लीमल, बबलू पाण्डेय पुत्र वकील निवासी दुबेपुरवा चिल्लीमल व होरीलाल पुत्र रामेश्वर निवासी चिल्लीमल ओवरलोड अतिरिक्त टन की वसूली गांव वालों से कराते थे। बालू भरे ट्रकों को पास कराने का दबाव बनाते थे। उसके भाई के मना करने पर फसाद करते थे। ये शिकायत कई बार भाई ने खदान मालिक शिवचन्द्र त्रिपाठी से की थी। 21 फरवरी को रात नौ बजे मैनेजर प्रभात शुक्ला आदि एकराय होकर भाई के पास आये और कहा कि ओवरलोड गाडी क्यों नहीं जाने देते। तुम ऐसे नहीं मानोगे। चलो राजापुर में बयान दो। भाई को जबरन बुलेरो में बैठाकर नहर के पास ले जाकर जान से मारने की गरज से जानलेवा हमला बोल दिया। बन्दूक की बटों से बेरहमी से पीटा।

भाई दिवाकर मिश्रा के बचाओ-बचाओ की गुहार लगाने पर उसे गाडी से नीचे गिरा दिया। राइफल व बन्दूक की बटों एवं लातघूसों से बेरहमी से पीटा। उसका सिर फट गया। वह मरणासन्न स्थिति में हो गया। भाई का दायां हाथ भी टूट गया। शरीर में कई जगह चोटें आईं। कुछ ट्रक चालकों ने बीच-बचाव किया तो हमलावरों ने धमकी दी कि घाट की तरफ दिखाई दिये तो गोली मार देंगे। उसका भाई किसी तरह जान बचाकर घर आया। परिजन उसे मंझनपुर जिला अस्पताल ले गये। वहां उसका इलाज चल रहा है। दोषी लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाये। सरधुवा थाना प्रभारी आशुतोष तिवारी ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 364, 308, 323, 325 व 506 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। खनन माफिया के खिलाफ तहरीर में उल्लेख होने के बाद भी उस पर रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई। इस बाबत एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि उचित धाराओं में हमलावरों के खिलाफ मामला दर्जकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मोदी को बनायें पीएम, राष्ट्र ले जायें परम वैभवः लवकुश

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विधान सभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी देश की जरूरत हैं। इसलिए मोदी को तीसरी बार फिर से प्रधानमंत्री बनायें। राष्ट्र को 2047 तक परम वैभव तक ले जायें।

शनिवार को विधानसभा 236 चित्रकूट की चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक डाक बंगला में हुई। बतौर मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी आशुतोष तिवारी ने लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई। बैठक में विधानसभा संयोजक शक्ति प्रताप सिंह तोमर ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा जीतने को प्रत्येक बूथ में लोकसभा में 370 मत प्राप्त किये जायें, क्योंकि पीएम मोदी ने धारा 370 खत्म की है।



चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक करते भाजपाई।

ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी, गुलाब सिंह, अश्वनी अवस्थी, आलोक पांडेय, राजेश जायसवाल, हरिओम करवरिया, रवि गुप्ता, आदित्य रघुवंशी, ममता सिंह गौर, विनीता द्विवेदी, अर्चना सिंह समेत विधानसभा की पूरी टीम की मौजूदगी में आशुतोष तिवारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले सभी नव मतदाता 18वीं लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी तादाद में मतदान करें।

उन्होंने कहा कि दो बातें मत जाना भूल, राम मन्दिर कमल का फूल का नारा दिया। कहा कि चुनाव जीतने को बूथों की पहरेदारी बहुत जरूरी है। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि मोदी ने देश को विकास के पथ पर ले गये हैं। ऐसे में मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने को सभी लोग एकजुट हो जायें और 2047 तक राष्ट्र को परम वैभव पर पहुंचायें।

# चार हत्यारोपियों को हुआ आजीवन कारावास

## 33-33 हजार का जुर्माना भी हुआ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अदालतों में लम्बित मामलों की पैरवी का पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों को सजा दिलाने को प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार आकाश कुमार की पैरवी व अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने हत्या आरोपी चार लोगों को आजीवन कारावास व 33-33 हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

शुक्रवार को न्यायालय ने राजापुर थाने में दर्ज हत्या के आरोपी राममूरत यादव पुत्र रामकिशोर यादव, लवकुश यादव पुत्र राममूरत यादव, ज्ञान सिंह पुत्र राजभान यादव व राजभान यादव पुत्र रामशिरोमन यादव निवासी पटियनपुरवा मजरा अतरसुई को आजीवन कारावास व 33-33 हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि 16 जून 2011 को पटियनपुरवा मजरा अतरसुई थाना राजापुर के अनन्तराम यादव पुत्र रामबिरजन यादव ने थाने में रिपोर्ट लिखाई कि मेड़ बांधने के विवाद को लेकर उसके भाई पवन उर्फ मुन्ना की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अन्य लोगो ने लाठी व कुल्हाडी से हमलाकर घायल कर दिया था। पुलिस ने मामला दर्जकर पूर्व दरोगा नन्दलाल सिंह ने विवेचना कर 22 जून 2011 को आरोपियों को गिरफ्तार किया था। राममूरत यादव के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस तथा कुल्हाडी बरामद किया। बरामदगी बाबत धारायें बढाई। आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में 21 अगस्त 2011 को आरोप पत्र दाखिल किया था।

# किसानों को नहीं होगी परेशानीः एसडीएम

### तहसील में खुला चकबन्दी कार्यालय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर तहसील के सहायक चकबंदी अधिकारी अर्जुनपुर के कार्यालय का शुभारम्भ एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झा ने फीता काटकर तहसील परिसर में किया।

शनिवार को शुभारम्भ पर एसडीएम प्रमोद कुमार झा ने कहा कि सहायक चकबंदी अधिकारी अर्जुनपुर का कार्यालय पहाड़ी में होने से नौ गांवों के किसानों को पहाड़ी आने-जाने में दिक्कतें होती थी। जनहित के मद्देनजर राजापुर तहसील परिसर में सहायक चकबंदी अधिकारी अर्जुनपुर का न्यायालय किया है। बछरन, सुर्खिया, अर्जुनपुर, नोनार, तेरा बुजुर्ग, लठागुठऊपुर, खरूही, लमेहटा, शालिकपुर गांव के किसानों को आवागमन में दिक्कत नहीं होगी। सहायक चकबंदी अधिकारी महेंद्र सिंह ने कहा कि अर्जुनपुर क्षेत्र के नौ गांव के हजारों



कार्यालय का शुभारम्भ करते एसडीएम।

किसानों के खेतों की पैमाइश व चक बनाने में लेखपालों को अब कोई दिक्कत नहीं होगी। समस्त लेखपालों को निर्देश दिये कि किसानों के चकों का आवंटन पारदर्शिता से करें। शासन की मंशानुसार बचत की जमीन तथा चक रोड का सर्वे बिना किसी भेदभाव के किया जाएगा। राजापुर तहसील परिसर में कार्यालय खुलने से किसानों व कर्मचारियों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। खसरा-खतौनी की नकल भी किसानों को तुरंत मिलेगी। शुभारम्भ पर एएसडीएम/तहसीलदार फूलचंद्र यादव, नायब तहसीलदार राजीव दुबे, चकबंदी लेखपाल रविंद्र कुमार, नीरज सिंह, शशिकांत, रामराज, पुष्पेंद्र सिंह, मनीष सिंह, प्रधान छेदीलाल, मान सिंह आदि मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा सवार महिला की मौत, चार घायल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर के सिंह पेट्रोल पंप के पास ई-रिक्शा को पिकअप ने ठोकर मार दी। पिकअप सवार महिला की मौत हो गई और चार घायल हो गये। ये घटना शुक्रवार की शाम पांच बजे हुई। बताया गया कि राजापुर थाना के सिंह पेट्रोल पंप के पास गोल्हरी (60) पत्नी शिवलाल राजापुर से बाजार कर ई- रिक्शा से गांव उदघटा जा रही थी। सिंह पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही पिकअप ने ई-रिक्शा में ठोकर मार दी। ई-रिक्शा में बैठी महिला की मौत हो गई। चालक समेत चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को राजापुर सीएचसी में भ ती कराया। मृतका के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। परिजनों ने बताया कि ई-रिक्शा में मृतका व चालक समेत पांच लोग सवार थे।

# संत रैदास की डीडीसी ने मनाई जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** संत रविदास रैदास की जयंती पर जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने कहा कि रैदास के क्रान्तिकारी विचार आज भी सार्थक हैं। उनके विचारों अनुसार समाज को चलना चाहिए।

शनिवार को जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती ने कहा कि क्रान्तिकारी संत रैदास का जन्म पंद्रहवीं सदी में हुआ था। जन्म स्थान उप्र के बनारस जिले में है। इन्हें रविदास के नाम से जाना जाता है। इनका नाम रविदास नहीं था, पाखंडियों ने रविदास नाम दिया है। वे कबीर के समकालीन थे। ये वो दौर था, जब समाज दस्तकारी युग से मैन्यूफैक्चरी युग की ओर बढ़ रहा था। दस्तकारी में कारीगर माल के सभी हिस्से अकेले बनाता था। दस्तकारी के उत्पाद को बनाने वाला कारीगर ये दावा कर सकता है कि उसे उसने बनाया है। मैन्यूफैक्चरी में कारीगर ये नहीं कह



संत रैदास के चित्र पर माल्यार्पण करती मीरा भारती।

सकता कि ये उत्पाद उसका है। सामूहिक उत्पादन होता है। मैन्यूफैक्चरी आगे चलकर बड़े उद्योग तैयार करती है। रैदास साधारण मोची नहीं थे, वे शाही मोची थे। राजे-रजवाड़े इन्हें जूते की कीमत तो देते ही थे, बक्सीस भी देते थे। शूद्रों के पास कोई सम्पत्ति नहीं होती थी। उन्हें मन्दिर में प्रवेश नहीं करने दिया जाता था। मंत्र उच्चारण तक की मनाही थी।

# राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ में नौकरी का अम्बार

### पॉलिटेक्निक बरगढ़ में 148 छात्र चयनित

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने कई कंपनियों के साक्षात्कार कर रही है। सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग आदि छात्रों का प्लेसमेंट ड्राइव 21 फरवरी से 24 फरवरी के बीच किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ समेत राजकीय पॉलिटेक्निक मानिकपुर, कन्नौज, कौशांबी, घाटमपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़ से 320 छात्रों ने हिस्सा लिया।

शनिवार को 23-24 फरवरी को कैंपस इंटरव्यू को जेवीएम ग्रुप ऑफ कंपनीज गुड़गांव के पी एंड ए विभाग के मैनेजर ज्ञानेंद्र सिंह व सूरज कुमार गोड मौजूद हुए। दो



प्लेसमेंट में बोलते प्रधानाचार्य।

दिन में लिखित परीक्षा व साक्षात्कार से 103 छात्रों का चयन हुआ। छात्रों को ऑफर लेटर दिया। जो छात्र डिप्लोमा पास हैं, उन्हें एक सप्ताह में कंपनी में ज्वाइन करना है। शैक्षिक सत्र 2023-24 के जो छात्र अध्यनरत हैं, उनकी ज्वाइनिंग 6जी सेमेस्टर परीक्षा बाद एक अगस्त से होगी। सभी छात्रों का प्लेसमेंट दो लाख प्रतिवर्ष पैकेज पर हुआ। सभी छात्रों की ज्वाइनिंग गुड़गांव व मानेसर स्थित प्लांट में की गई है। 21 फरवरी को कृष्णा लैंडसंजो इंडिया प्रा लि गुड़गांव ने भी ऑनलाइन कैंपस इंटरव्यू कराया। विभिन्न 12 जिलों के डिप्लोमा मैकेनिकल, सिविल इंजीनियरिंग व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 2021-2022 व 2023 के उत्तीर्ण 112 छात्रों ने हिस्सा लिया।

कंपनी ने 46 छात्रों का चयन किया। तत्काल ज्वाइनिंग 1.92 लाख प्रतिवर्ष पैकेज पर दी जा रही है। कैंपस इंटरव्यू का आयोजन प्रधानाचार्य संतोष कुमार वैश्य के निर्देश पर संस्था के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल अधिकारी संजीव कुमार सिंह, दीपेन्द्र मिश्रा व श्रीमती शाजिया तबस्सुम ने किया।

छात्रों के प्लेसमेंट में संस्था के व्याख्याता चंद्रभान प्रजापति, प्रियंका भारद्वाज, सचिन गुप्ता, उर्वशी कश्यप, आदित्य सिंह, पवन कुमार, सचिन मौर्या, आकांक्षा श्रीवास्तव, उमा शुक्ला आदि ने सहयोग किया। जिले में प्रतिष्ठित संस्थान राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ ने तकनीकी रोजगार से विकसित आत्मनिर्भर भारत बनाने की कड़ी में नया कीर्तिमान बनाया है। प्रधानाचार्य वैश्य ने चयनित छात्रों को बधाई दी। बताया कि संस्था में लगातार छात्रों के पठन-पाठन को इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। वर्तमान में दो नए स्मार्ट क्लास रूम लैंग्वेज लैब डिजिटल लाइब्रेरी बनाई गई है। उप्र सरकार ने छात्रों के लिए दो पुरुष छात्रावास, एक नया एकेडमिक ब्लॉक, कैफेटेरिया व गेस्ट हाउस निर्माण को धनराशि मंजूर कर अवमुक्त कर दिया है। जल्द निर्माण शुरु होने वाला है। संस्थान के सिविल इंजीनियरिंग व मैकेनिकल इंजीनियरिंग की सभी लैबों में नवीनतम मशीन-उपकरण निदेशालय प्राविधिक शिक्षा विभाग कानपुर ने उपलब्ध कराया है। संस्था में वर्तमान में 22 व्याख्याता की नियुक्ति है। पठन-पाठन को सभी संसाधन हैं। संस्थान में उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षण-प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भविष्य में विभिन्न कंपनियों को कैंपस इंटरव्यू को राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ में आमंत्रित कर बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी पॉलिटेक्निक संस्थाओं के युवाओं को रोजगार देते रहेंगे। माह अप्रैल में मेगा प्लेसमेंट ड्राइव किया जायेगा।

# पीडित के संतुष्ट होने पर मानी जायेगी समस्या निस्तारणः एएसपी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में कोतवाली कर्वी में थाना समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनी गईं।

शनिवार को एएसपी ने फरियादियों की समस्यायें सुनकर तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये। भूमि विवाद के मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजकर निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से थाना दिवस व तहसील दिवस की समस्याओं के समाधान की समीक्षा की जाती है। ऐसे में समस्या निस्तारण में कोई लापरवाही न बरते। समस्यायें निर्धारित समय सीमा के भीतर



कोतवाली में फरियादियों को सुनत एएसपी।

निस्तारित करें। समस्या निस्तारण के बाद पीडित को भी बतायें कि समस्या निस्तारित हो गई है। पीडित के संतुष्ट होने पर ही समस्या निस्तारण माना जायेगा। इस मौके पर कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह व राजस्व कर्मी तथा पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# माघी पूर्णिमा पर तीर्थक्षेत्र में उमडा सैलाब

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** माघी पूर्णिमा पर भारी तादाद में श्रद्धालुओं का सैलाब तीर्थक्षेत्र में उमडा। मंदाकिनी में डुबकी लगाकर भगवान राम को याद कर श्रद्धालुओं ने कामतानाथ के दर्शन कर परिक्रमा की। शनिवार को तीर्थक्षेत्र में माघी पूर्णिमा पर भारी भीड उमडी। पूर्णिमा में मन्दाकिनी में स्नान व पूजन का काफी महत्व है। कई जगहों पर हवन-पूजापाठ जारी रहा। तकरीबन एक लाख श्रद्धालुओं ने मन्दाकिनी में डुबकी लगाई। सवेरे से दोपहर तक भीड़ देखी गई। भगवान कामतानाथ के परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालु श्रीराम नाम कीर्तन करते हुए पांच किमी की परिक्रमा लगाई। उप्र व मप्र प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा को व्यवस्था किये थे। भरत मंदिर के महंत दिव्यजीवन दास ने बताया कि माघी पूर्णिमा हिन्दू धर्म में महत्व रखती है। लोग गंगा



मन्दाकिनी में स्नान करते श्रद्धालु।

स्नान को प्रयागराज जाते हैं। जो प्रयागराज नहीं जा पाते वे मन्दाकिनी में स्नान कर भगवान कामतानाथ की परिक्रमा लगाते हैं।

## पुलिस ने दबोचा वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा मातादीन ने आबकारी अधिनियम के वारंटी होरीलाल पुत्र बहोरी केवट निवासी रईया पुरवा को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा मातादीन, सिपाही कमलेश कुमार शामिल रहे।

# हत्या के प्रयास में दो हो हुई पांच-पांच वर्ष की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अदालत में लम्बित मामले में सजा दिलाने को प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार व पैरोकार आकाश कुमार की पैरवी तथा अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने हत्या का प्रयास करने वाले दो आरोपियों को पांच-पांच वर्ष की सजा व सात-सात हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया।

शुक्रवार को न्यायालय ने राजापुर थाने में दर्ज हत्या के प्रयास के आरोपी रामरहीश यादव पुत्र रामबिरजन यादव व अनन्तराम यादव पुत्र रामबिरजन यादव निवासी पटियनपुरवा मजरा अतरसुई को पांच-पांच वर्ष की सजा व सात-सात हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि 20 अगस्त 2011 को पटियनपुरवा मजरा अतरसुई के राममूरत यादव पुत्र रामशिरोमन यादव ने राजापुर थाने में रिपोर्ट लिखाई कि आरोपियों ने मेड़ बांधने के विवाद को लेकर लाठी व कुल्हाडी से हमला कर घायल कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्जकर पूर्व दरोगा दीनानाथ पाण्डेय ने मुकदमे की विवेचना कर आरोपियों को गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ 29 अक्टूबर 2011 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

### तीन के कब्जे से अंग्रेजी-देशी-महुआ शराब बरामद

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से चार बोतल, चार हाफ, चार क्वार्टर अंग्रेजी शराब व 22 क्वार्टर देशी शराब तथा दस लीटर महुआ शराब बरामद की है। शनिवार को चौकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह ने सिपाही मनोज कुमार के साथ शिवम गुप्ता पुत्र शंकर दयाल निवासी इटवां थाना रैपुरा के कब्जे से चार बोतल, दो हाफ व दस क्वार्टर अंग्रेजी शराब समेत गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी सीतापुर श्याम देव सिंह ने नेते पुत्र जगदेव केवट निवासी बहादुरपुर के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने अजय सिंह पुत्र सूबेदार सिंह निवासी खुटहा के कब्जे से 22 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।

# मां-बेटे के विवाद को पुलिस ने कराया खत्म

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने के प्रयास में महिला थाना की पुलिस टीम ने मां-बेटे के विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया। शनिवार को कोतवाली कर्वी के कालूपुर पाही की श्रीमती राधा देवी पत्नी किशन ने महिला थाना में पत्र दिया कि छोटा पुत्र सत्यप्रकाश उन्हें गाली-गलौज कर खाना खर्चा नहीं देता। महिला थाना में तैनात दरोगा संतोष कुमार त्रिपाठी की टीम ने शिकायत को सुन-समझकर दूसरे पक्ष को महिला थाने बुलाया। दोनो पक्षों को समझाते हुए कहा कि सत्यप्रकाश भविष्य में मां को गाली-गलौज न देकर समय से खाना-खर्चा देगा। इसी बात पर मां-बेटे में सुलह हुई। आपसी सुलह बाद दरोगा संतोष कुमार त्रिपाठी ने दोनो पक्षों को तालमेल से रहने व पारिवारिक दायित्यों का पालन करने की सलाह दी। टीम में दरोगा संतोष कुमार त्रिपाठी, महिला सिपाही स्नेहा राजपूत, सोनम यादव शामिल रहे।



विवाद खत्म कराती पुलिस।

# बांग्लादेश में बनी पर्यावरण अनुकूल 'लकड़ी की साइकिलों' की यूरोप में मांग



**ढाका।** बांग्लादेश में निर्मित पर्यावरण अनुकूल 'लकड़ी की साइकिलें (बेबी बैलेंस बाइक)' यूरोप के बाजार में धूम मचा रही हैं। इनका निर्माण बागेरहाट के बांग्लादेश स्मॉल एंड कॉटेज इंडस्ट्रीज कारपोरेशन (बीएससीआईसी) औद्योगिक शहर में कई कंपनियां कर रही हैं। पहले चरण में ग्रीस को 20 हजार लकड़ी की साइकिलें निर्यात की जा चुकी हैं। इनका निर्माण नेचुरल फाइबर कंपनी ने किया है।

बांग्लादेश के प्रमुख समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, नेचुरल फाइबर कंपनी के उत्पादों में पर्यावरण अनुकूल होटल बेड, सन बेड, पालतू जानवरों के खिलौने और फर्नीचर वस्तुओं की विस्तृत श्रृंखला शामिल है।

इस कंपनी ने 2005 में इस औद्योगिक शहर में गद्दे, कॉयर फेल्ट, कोको पीट, डिस्पोजेबल चप्पल सहित विभिन्न कॉयर उत्पाद नारियल के खोल से बनाने शुरू किए थे। 2023 में इस कंपनी ने पर्यावरण अनुकूल लकड़ी की साइकिलों पर अपना ध्यान केंद्रित किया। लकड़ी की साइकिलें तैयार करने वाले उद्यमी मुस्तफिज अहमद ने कहा कि उन्हें 2023 में ग्रीस से तीन लाख बेबी बैलेंस बाइक का ऑर्डर मिला। वह दिसंबर में इसकी पहली खेप निर्यात करने में कामयाब रहे।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा उनके कारखाने में निर्मित बिल्लियों और कुत्तों के लिए लकड़ी के खिलौने भी पिछले साल बेल्जियम को निर्यात किए गए थे। लकड़ी की साइकिलों की दूसरी खेप जल्द ही निर्यात की जाएगी। अब बेबी बैलेंस बाइक के साथ एडल्ट साइकिल के भी ऑर्डर आए हैं। बांग्लादेश स्मॉल एंड कॉटेज इंडस्ट्रीज कारपोरेशन बागेरहाट के उप निदेशक जहीरुल इस्लाम ने कहा है कि इन ईको-फ्रेंडली लकड़ी के उत्पादों को विदेशों में निर्यात करके विदेशी मुद्रा अर्जित की जा रही है।

## मिसिसिपी में नेशनल गार्ड का लड़ाकू हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, दो सैनिकों की मौत



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के दक्षिण प्रांत मिसिसिपी के पूर्वोत्तर में हेलीकॉप्टर (एएच-64 अपाचे ) के दुर्घटनाग्रस्त होने से नेशनल गार्ड के दो सैनिकों की मौत हो गई। यह हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण उड़ान पर था।

फॉक्स न्यूज के अनुसार एएच-64 अपाचे प्रशिक्षण उड़ान के दौरान शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे बाल्डविन के पास जंगली इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह स्थल मेम्फिस (टेनेसी) से लगभग 115 मील (185 किलोमीटर) दक्षिण-पूर्व में है।

मिसिसिपी नेशनल गार्ड ने कहा है कि प्रेंटिस काउंटी शेरिफ रैंडी टोलर ने इस हवाई हादसे में उसके दो सैनिकों की मौत की पुष्टि की है। मिसिसिपी नेशनल गार्ड ने समाचार विज्ञप्ति में कहा है कि हेलीकॉप्टर एएच-64 अपाचे एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। इस समय उसकी सबसे बड़ी चिंता दोनों सैनिकों के परिवार के सदस्यों की सहायता करना है।

## चीन में आवासीय इमारत में आग लगने से 15 की मौत, 44 झुलसे



**बीजिंग।** चीन के जियांग्सू प्रांत की राजधानी नानजिंग में एक आवासीय इमारत में आग लगने से 15 लोगों की मौत हो गई और 44 अन्य व्यक्ति झुलस गए। झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चीन के सरकारी समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स ने घटना का विवरण देते हुए प्रांतीय अधिकारियों के हवाले से कहा है कि आग लगने के कारणों की जांच के लिए टीम बनाई गई है। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, इस आवासीय इमारत में शुक्रवार सुबह 4:39 बजे आग लगी। प्रारंभिक विश्लेषण में साफ हुआ है कि आग इमारत के अंदर खड़ी इलेक्ट्रिक साइकिलों के कारण लगी। यह इमारत आठ मिलियन से अधिक की आबादी वाले शहर नानजिंग के युहुताई जिले में स्थित है। यह स्थान शंघाई से लगभग 260 किलोमीटर (162 मील) उत्तर-पश्चिम में स्थित है। अधिकारियों ने कहा कि दमकल विभाग की 25 गाड़ियों की मदद से सुबह 6:00 बजे तक आग बुझा दी गई थी। खोज और बचाव अभियान दोपहर लगभग 02:00 बजे पूरा हुआ।

## शांतिपूर्ण विश्व के निर्माण में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का विश्वास और सम्मान अर्जित करे चीनः दलाई लामा



**धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरू दलाई लामा ने तिब्बत सहायता समूहों के बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में चल रहे 9वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए भेजे गए अपने संदेश में कहा कि दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का व्यापक हित हमारी पहचान को संरक्षित करने और तिब्बती मुद्दे को जीवित रखने के हमारे प्रयासों में समर्थन का एक प्रमुख स्रोत रहा है। दलाई लामा ने तिब्बती समुदाय के हितों के लिए काम करने को स्वेच्छा से समय और संसाधन समर्पित करने के लिए तिब्बत समर्थकों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि तिब्बती समुदाय आपको तिब्बत समर्थक नहीं बल्कि न्याय समर्थक मानते हैं।

दलाई लामा ने चीन को एक शांतिपूर्ण विश्व के निर्माण में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का विश्वास और सम्मान अर्जित करने की सलाह दी। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि चीनी नेतृत्व तिब्बत की शांति और करुणा की संस्कृति के वास्तविक मूल्य को समझेगा, जिसमें चीन और समग्र विश्व को समृद्ध करने में योगदान करने की भारी क्षमता है।

गौरतलब है कि तिब्बत सहायता समूहों के बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में तीन दिनों तक 9वां अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन चल रहा है जो कि कल रविवार को सम्पन्न होगा। इस तीन दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के दौरान केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के सूचना और अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग (डीआईआईआर) के कालोन (मंत्री) नोरजिन डोलमा द्वारा दलाई लामा का यह संदेश पढ़ा गया।

सम्मेलन में निर्वासित तिब्बत सरकार के प्रधानमंत्री पेंपा सेरिंग भी ब्रसेल्स पंहुचे हुए हैं।

दलाई लामा ने कहा कि वैश्विक राजनीतिक वातावरण में तेजी से बदलाव के बावजूद तिब्बत का मूल मुद्दा वही बना हुआ है। करुणा और अहिंसा को बढ़ावा देने वाले तिब्बती बौद्ध धर्म के धार्मिक पहलुओं पर जोर देते हुए धर्मगुरू ने कहा कि तिब्बत का प्रश्न केवल न्याय और मानवाधिकारों का मामला नहीं है, बल्कि तिब्बत की अनूठी और विशिष्ट संस्कृति के संरक्षण के बारे में है, जिसमें मानव विकास में योगदान करने की क्षमता है। उन्होंने पत्र में तिब्बत की पारिस्थितिकी के चिंताजनक मुद्दे पर प्रकाश डाला और तिब्बती पठार पर बढ़ती मानवीय गतिविधियों और ताप दर को उठाया, जिससे एशिया के जल संतुलन के लिए गंभीर खतरा पैदा हो गया है। चूंकि तिब्बती पठार दो अरब से अधिक लोगों को मीठे पानी के संसाधन प्रदान करता है, जो वैश्विक आबादी का 30 प्रतिशत है और तिब्बती पर्यावरण की सुरक्षा वास्तव में एक वैश्विक चिंता है।

इसके अलावा, दलाई लामा ने तिब्बत समर्थकों को उनकी चार महान प्रतिबद्धताओं को बढ़ावा देकर एक अधिक शांतिपूर्ण दुनिया बनाने में उनके साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। जिनमें मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना, अंतर-धार्मिक सद्भाव को प्रोत्साहन, तिब्बती बौद्ध संस्कृति-तिब्बत की पहचान का आधार-को जीवित रखना और करुणा (करुणा) और अहिंसा (अहिंसा) पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्राचीन भारतीय ज्ञान में अधिक जागरूकता और रुचि पैदा करना शालिम है। उन्होंने कहा कि मैंने चार प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए अपने प्रयास समर्पित कर दिए हैं, क्योंकि उन्होंने स्वेच्छा से निर्वाचित तिब्बती नेतृत्व को राजनीतिक जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उन्होंने तिब्बत सहायता समूहों से आगे भी इसी तरह तिब्बत का समर्थन और सहयोग करने का आहवान किया है।

## ईरान ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकी कमांडर इस्माइल शाह बख्श को मार गिराया




**तेहरान।** ईरान ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकवादी इस्माइल शाह बख्श और उसके कुछ साथियों को मार गिराया है। ईरान की इस कार्रवाई से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने की आशंका है। ईरान इंटरनेशनल इंग्लिश (समाचार पोर्टल) ने अपनी रिपोर्ट यह जानकारी दी।

ईरान के सरकारी मीडिया के हवाले से ईरान इंटरनेशनल इंग्लिश ने अपने एक्स हैंडल में ईरान के सैन्य बलों की पाकिस्तान के खिलाफ की गई इस कार्रवाई का संक्षिप्त ब्यौरा साझा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के सैन्य बलों ने पाकिस्तान क्षेत्र में जैश अल-अदल (न्याय की सेना) के आतंकवादी ग्रुप कमांडर इस्माइल शाह बख्श और उसके कुछ साथियों को ढेर कर दिया।

## सीतारमण ने मुंबई लोकल ट्रेन में किया सफर, यात्रियों के सवालों का दिया जवाब



**मुंबई/नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को आम आदमी से रूबरू हुईं। उन्होंने मुंबई लोकल ट्रेन में घाटकोपर से कल्याण तक का सफर किया। इस दौरान उन्होंने यात्रियों से बातचीत की। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें निर्मला सीतारमण को यात्रियों के सवालों का जवाब देते हुए देखा जा सकता है।

वित्त मंत्री कार्यालय ने ह्यएक्सह्न पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज मुंबई लोकल ट्रेन में सफर का अनुभव लिया। सीतारमण ने लाखों मुंबईकरों के दैनिक आवागमन का साधन और आर्थिक राजधानी मुंबई शहर की प्रतिष्ठित लोकल ट्रेन में सफर भी किया। वित्त मंत्री कार्यालय की ओर से सीतारमण के घाटकोपर से कल्याण स्टेशन तक की यात्रा की तस्वीरें साझा की गई हैं।

इसके अलावा पोस्ट में बताया गया है कि सीतारमण ने धैर्यपूर्वक उनके सवालों का जवाब दिया और सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों के बारे में बताया। उन्होंने यह भी कहा कि वह यात्रियों की समस्याओं को समझती हैं, उन्हें दूर करने के लिए काम किया जाएगा।

इससे पहले केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री कपिल पाटिल ने कल्याण रेलवे स्टेशन पहुंचने पर वित्त मंत्री की अगवानी की। सीतारमण ने महाराष्ट्र के कल्याण में बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (बिट्स) पिलानी के मुंबई परिसर का उद्घाटन किया और वहां उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## नेपाल के विदेशमंत्री रामलला के दर्शन करने आज जाएंगे अयोध्या



**काठमांडू।** नेपाल के विदेशमंत्री एनपी साउद भगवान रामलला के दर्शन करने के लिए आज (शनिवार) भारत की राजधानी नई दिल्ली से अयोध्या जाएंगे। रायसीना डायलॉग में हिस्सा लेने दिल्ली पहुंचे साउद तीन दिन की भारत यात्रा के आखिर में दोपहर अयोध्या पहुंचेंगे। उनके साथ उनकी पत्नी भी होंगी। विदेशमंत्री सुबह 11 बजे दिल्ली से प्रस्थान कर दोपहर करीब 12 बजे अयोध्या पहुंचेंगे। महर्षि वाल्मीकि अन्तरराष्ट्रिय विमानस्थल पर उत्तर प्रदेश के मंत्री व वरिष्ठ अधिकारी उनका स्वागत करेंगे। यहां से वह सीधे राम मंदिर के लिए रवाना होंगे। अपनी पत्नी ज्योत्सना साउद के साथ वह विशेष पूजा करेंगे। वह नेपाल की जनता की तरफ से रामलला के चरणों में पांच प्रकार के चन्द्राभूषण अर्पण करेंगे। इन आभूषणों में पैजनिया, कड़ा, धनुष, गदा और गले का हार शामिल हैं। साउद नेपाल के पहले मंत्री होंगे जो अयोध्या में रामलला के दर्शन करेंगे। वह अयोध्या में सरयू तट पर होने वाली संध्या आरती में भी सहभागी होंगे। हनुमानगढ़ी भी जाएंगे। वह अयोध्या के नेपाली मंदिर का भी अवलोकन करेंगे। नेपाल के विदेशमंत्री ने भारत के विदेशमंत्री डॉ एस. जयशंकर से शुक्रवार देरशाम मुलाकात की थी।

## मार्च महीने में 14 दिन बंद रहेंगे बैंक, ये है छुट्टियों की पूरी लिस्ट

**नई दिल्ली।** फरवरी अगले हफ्ते खत्म होने वाला है और मार्च महीने की शुरूआत होने वाली है। मार्च का महीना त्योहारों के लिहाज से बेहद अहम है। मार्च में महाशिवरात्रि के साथ-साथ रंग-गुलाल का त्योहार होली भी है, जबकि गुड फ्राइडे भी इसी महीने में आता है। इन त्योहारों के कारण मार्च के 31 दिनों में से 14 दिन बैंकों में अवकाश रहने वाला है।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की ओर से जारी छुट्टियों की सूची के मुताबिक इस साल मार्च में कुल 14 दिन बैंक बंद रहने वाला है। इसमें पांच रविवार का साप्ताहिक अवकाश और दूसरे व चौथे शनिवार की छुट्टी भी शामिल है। जबकि अलग-अलग जगहों पर बैंकों में सात दिन कामकाज नहीं होगा। इसके अलावा 25 मार्च को होली के अवसर पर बैंक में अवकाश होगा। हालांकि, छुट्टी वाले दिन बैंकों की ऑनलाइन सर्विसेज, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई के जरिए आप पैसे का लेन-देन कर सकते हैं।

ऐसे में आइए जानते हैं कि देशभर में किस दिन, किस जगह और किस वजह से बैंकों में अवकाश रहने वाला है। :-

-01 मार्च शुक्रवार को चापचार कुट की वजह से मिजोरम के आईजोल शहर में बैंकों में अवकाश रहेगा।

-3 मार्च, रविवार को साप्ताहिक अवकाश की वजह से देश के सभी राज्यों में बैंक बंद रहेंगे।

-8 मार्च, शुक्रवार को महाशिवरात्रि के कारण देश के सभी राज्यों में बैंकों का अवकाश रहेगा। -9 मार्च को महीने का दूसरा शनिवार होने की वजह से देश के सभी राज्यों में बैंक बंद रहेगा। -10 मार्च को रविवार की वजह से देश के सभी राज्यों में बैंकों का अवकाश रहेगा। -17 मार्च को रविवार होने की वजह से देश के सभी राज्यों में बैंकों में छुट्टी रहेगी।

-22 मार्च को बिहार दिवस के अवसर पर पूरे बिहार के बैंकों में अवकाश रहेगा।

-23 मार्च को महीने का चौथा शनिवार होने की वजह से देश के सभी राज्यों में बैंकों का अवकाश रहेगा।

-24 मार्च को रविवार को देश के सभी राज्यों में बैंक बंद रहेगा।

-25 मार्च को होली यानी दुल्हैंडी यानी रंग वाली होली के दिन देश के अधिकांश राज्यों में बैंकों का अवकाश।

-26 मार्च को याओसैंग सेकंड-डे एवं होली के मौके पर भुवनेश्वर, इंफाल और पटना में बैंकों में अवकाश रहेगा।

-27 मार्च को होली के मौके पर बिहार के सभी बैंकों में अवकाश रहेगा।

-29 मार्च को गुड फ्राइडे के अवसर पर पूरे देश में बैंकों का अवकाश रहेगा।

-31 मार्च को रविवार की वजह से देश के सभी बैंकों में छुट्टी रहेगी।

## कैट ने दिल्ली के तीन बाजारों को विकसित करने की घोषणा का किया स्वागत




**नई दिल्ली।** कारोबारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना के दिल्ली के तीन प्रमुख मार्केट- कश्मीरी गेट, कमला मार्केट और श्रद्धानन्द मार्ग को पुनः विकसित करने के आदेश का स्वागत किया है। कैट राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने शनिवार को एक बयान में शुक्रवार को तीन प्रमुख मार्केट- कश्मीरी गेट, कमला मार्केट और श्रद्धानन्द मार्ग को पुनः विकसित करने का उपराज्यपाल के आदेश का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के व्यापार तथा विकास में यह बहुत बड़ा कदम है। उपराज्यपाल के फैसले से इन ऐतिहासिक बाजारों का वैभव तो वापस होगा। वहीं, दूसरी ओर इन बाजारों की सुंदरता में वृद्धि होने से अन्य राज्यों से ज्यादा से ज्यादा लोग यहां सामानों को खरीदने आएंगे।

खंडेलवाल ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर व्यापारियों को धोखा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दो साल पहले केजरीवाल ने दिल्ली के पांच बाजारों को दोबारा विकसित करने का ऐलान किया था, लेकिन उस घोषणा पर आज तक कोई अमल नहीं हुआ। खंडेलवाल और दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विपिन आहूजा ने उपराज्यपाल को भेजे पत्र में कहा है कि इन माकेर्टों के रिडेवलपमेंट के विषय में जल्द से जल्द इन बाजारों की मार्केट एसोसिएशन के साथ सलाह-मशविरा किया जाए।

कैट के प्रदेश महामंत्री देवराज बवेजा और आशीष ग्रोवर ने सक्सेना के शुक्रवार को दिल्ली के बाजारों के भ्रमण से उत्साहित होते हुए कहा कि इसी तरह पुरानी दिल्ली के अन्य अनेक बाजारों जिसमें सदर बाजार, नई सड़क, चावड़ीं बाजार, अजमेरी गेट, लाल कुआं, नया बाजार, खारी बावली, कुतुब रोड, तेलीवाड़ा, आजाद मार्केट, बड़ा हिन्दू राव, दरिया गंज आदि का भी विकास किया जाना जरूरी है, क्योंकि ये सभी बाजार मुगलों के जमाने से हैं, जिनका अपना ऐतिहासिक स्वरूप है। इसके साथ ही देश की बड़ी थोक मंडियां होने के कारण इन बाजारों का अपना एक विशेष महत्व है। कैट ने उपराज्यपाल से आग्रह किया कि इन बाजारों का दौरा भी किया जाए और किस प्रकार मार्केट एसोसिएशनों के साथ मिल कर इन बाजारों का कायाकल्प किया जा सकता है, उसकी भी योजना बनाई जाए।